दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 32 जयपुर, बुधवार, 10 जनवरी, 2024 | पौष, कृष्ण पक्ष- चतुर्दशी, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## जरूरी खबर

### जयपुर जिले की 21 ग्राम पंचायतों में उपचुनाव आज



**जयपुर।** राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से बुधवार को जयपुर जिले में पंचायतीराज संस्थाओं के सरपंच, उप सरपंच एवं वार्ड पंचों के रिक्त पदों के लिए उपचुनाव होंगे। उपचुनाव सरपंच पद के लिए ईवीएम तथा वार्ड पंचों के लिए चुनाव मतपेटी का प्रयोग किया जाएगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीलिमा तक्षक ने बताया कि बुधवार को सुबह 8 से शाम 5 बजे तक मतदान होगा एवं मतदान समाप्ति के तुरंत पश्चात पंचायत मुख्यालय पर ही मतगणना होगी। वहीं उपसरपंच का चुनाव 11 जनवरी को होगा।

### अयोध्या के लिए 16 से फिर चलेगी वंदे भारत ट्रेन



**नई दिल्ली।** अयोध्या के लिए श्रद्धालुओं की यात्रा को और आसान बनाने के उद्देश्य से पिछले दिनों दिल्ली से अयोध्या के लिए वंदे भारत शुरू की गई। यह ट्रेन दिल्ली के आनंद विहार टर्मिनल से अयोध्या के बीच चलती है। हालांकि, सात जनवरी से 15 जनवरी तक इस ट्रेन को रद्द किया गया है। अब बड़ी खुशखबरी सामने आई है। यह ट्रेन फिर से 16 जनवरी से शुरू होने वाली है। दरअसल, वाराणसी-अयोध्या-जफराबाद सेक्शन पर रेल लाइन के दोहरीकरण का काम चल रहा है। इसकी वजह से ही सात जनवरी से 15 जनवरी तक के लिए ट्रेन को कैंसिल कर दिया गया।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

**आओगे जब तुम साजना...** जैसी 'बंदिशों' और नज्मों से दिलों को जीतने वाली आवाज हुई खामोश

# पद्म भूषण उस्ताद राशिद खान का लंबी बीमारी के बाद निधन

एजेंसी | मुंबई

'आओगे जब तुम ओ साजना, अंगना फूल खिलेंगे...' जैसे क्लास गानों से रोमांटिक बोलों में शास्त्रीय संगीत का जादू बिखेरने वाले उस्ताद राशिद खान मंगलवार को लंबी बीमारी के बाद दुनिया से रुखसत हो गए। वे पिछले काफी समय से प्रोस्टेट कैंसर से जूझ रहे थे। गत 21 नवंबर को स्ट्रोक आने के बाद से वे कोलकाता के एक अस्पताल में भर्ती थे। उन्हें मंगलवार को वेंटिलेटर सपोर्ट पर लिया गया था। अस्पताल सूत्रों के मुताबिक उनके पूरे शरीर में संक्रमण फैल गया था। उस्ताद राशिद खान को शुद्ध हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत (नियमबद्ध) को सुगम संगीत (नियमों से परे) से जोड़ने के लिए याद किया जाएगा। उन्हें साल 2022 में देश के तीसरे सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था।

### 14 साल की उम्र से अकादमी में अपने सुरों को तराशा

उस्ताद राशिद खान रामपुर-सहवासन घराने से संबंध रखते थे। वे उस्ताद गुलाम मुस्तफा खान के भतीजे थे। उनके घराने का संबंध ग्वालियर घराने की गायन शैली से माना जाता है। संगीत की प्रारंभिक शिक्षा अपने नाना निसार हुसैन खान से लेने के बाद 14 वर्ष की उम्र में वे कोलकाता की आईटीसी संगीत रिसर्च अकादमी में शामिल हो गए। 14 साल तक अकादमी में उन्होंने अपने फन को तराशा। उत्तर प्रदेश के बदायूं में 1 जुलाई 1968 को जन्मे उस्ताद राशिद खान ने संगीत की पहली मंचीय प्रस्तुति 11 साल की उम्र में दी थी।



### इन पुरस्कारों से नवाजे गए

पद्मश्री (2006), संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (2006), वैश्विक भारतीय संगीत अकादमी पुरस्कार (2010), महा संगीत सम्मान पुरस्कार (2012), बंग भूषण (2012), मिर्ची संगीत पुरस्कार (2013) और 2022 में पद्म भूषण।

### अच्छे सुर पर लगता है ऊपर कोई खींच रहा है...

खान ने एक इंटरव्यू में कहा था, 'जैसे ही कोई अगर अच्छा सुर लगता है तो लगता है कोई (परवरदिगार) ऊपर खींच रहा है, अब उससे आगे मत जा। कभी-कभी वाकई ऐसा महसूस होता है। उस वक्त रो पड़ते हैं।' उनकी बात सही साबित हुई। इस सुर सम्राट ने ऐसे सधे और सुंदर सुर लगाए कि उन्हें ऊपर वाले ने वक्त से पहले ही अपनी गोद में उठा लिया।

### फिल्मी गीतों से बने युवाओं की पसंद

उस्ताद राशिद खान की 'जब वी मेट' में गाई बंदिश 'आओगे जब तुम ओ साजना...' इतनी लोकप्रिय हुई कि हर जबां पर चढ़ गई। उनके चर्चित गानों में राग किरवानी में, 'तोरे बिना मोहे चैन नहीं...', राग अहीर भैरव में 'अलबेला साजन...' और 'याद पिया की आए...' ने शास्त्रीय संगीत प्रेमियों को अपनी आवाज का दीवाना बना दिया। 'राज 3', 'कादंबरी', 'मंटो' और 'मितिन माशी' जैसी फिल्मों को उन्होंने अपनी मौसिकी से ऊंचाइयां प्रदान कीं।

## कई जिलों में आज बारिश और ओलावृष्टि का अलर्ट

# प्रदेश में मावठ से सर्दी के तेवर और हुए तीखे

### 24 घंटे में कोटा, बारां, धौलपुर, चित्तौड़गढ़, सवाई माधोपुर समेत कई जिलों में बरसात

@ नाहरगढ़



बेधड़क | जयपुर

प्रदेश के कई जिले शीतलहर के चलते कड़ाके की सर्दी की मार झेल रहे हैं। दो दिन 20 से ज्यादा जिलों में मौसम का मिजाज बिगड़ने और मावठ के साथ कुछ इलाकों में ओलावृष्टि को लेकर मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं, आधा दर्जन जिलों में मंगलवार तड़के हुई मावठ से सर्दी के तेवर और तीखे हो गए हैं।

प्रदेश में कड़ाके की सर्दी के बीच बीते चौबीस घंटे में अनेक इलाकों में बारिश हुई। वहीं, राज्य के कई हिस्सों में घने कोहरे व शीतलहर का दौर भी जारी है। मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार बीते चौबीस घंटे में राज्य के कोटा में 22 मिलीमीटर, लाडपुरा में 14 मिमी., बारां में आठ मिमी. बारिश हुई। इसके अलावा धौलपुर, चित्तौड़गढ़, सवाई माधोपुर, दौसा, करौली व बारां में भी कई जगह बारिश हुई। इस दौरान राज्य में कई जगह घना कोहरा छाया रहा। कुछ स्थानों पर शीत लहर दर्ज की गई। वहीं राजधानी में पिछले 15 दिनों में पहली बार पारा 10 डिग्री से ऊपर आया है।

### घने कोहरे से रेल, सड़क और हवाई मार्ग हुआ प्रभावित



फोटो: राजेश कुमावत

**नंदी को ओढ़ाई रजाई:** अपने आराध्य को कड़ाके की ठंड से बचाने के लिए भक्त गर्म कपड़े पहना रहे हैं। शहर के नामी मंदिरों से लेकर लोगों के घर के मंदिर में भी देवी देवताओं का वस्त्र मौसम के अनुकूल हो गया है। कोई भगवान को रजाई ओढ़ा रहा है तो कोई कंबल। ठंड में ताड़केश्वर शिव मंदिर स्थित भगवान भोलेनाथ के वाहक नंदी महाराज को भी रजाई ओढ़नी पड़ गई।

### मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट

जयपुर में मौसम विभाग के निदेशक डॉ. राधेश्याम शर्मा ने बताया कि मौसम में उतरा चढ़ाव जारी है। एक-दो दिन में कुछ जगहों पर बारिश के आसार बन रहे हैं। इस दौरान तापमान में बड़ी गिरावट ही सकती है। राजस्थान में मौसम के लगातार बदलाव से किसानों पर भी असर पड़ रहा है। राजधानी जयपुर में मंगलवार को न्यूनतम पारे में बढ़ोतरी दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार पिछले 15 दिनों में पहली बार शहर का पारा 11.9 हो गया है। वहीं आगामी दिनों में बारिश की संभावना भी जताई जा रही है

### जैसलमेर में न्यूनतम पारा 7 डिग्री

प्रदेश के पश्चिमी इलाकों में सर्दी के तेवर लगातार बढ़ रहे हैं। जैसलमेर में न्यूनतम तापमान 7.0 डिग्री, सीकर में 7.2 डिग्री, बाड़मेर में बीकानेर में 7.7 डिग्री व पिलानी में 8.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने बुधवार को राज्य में कई जगह बारिश व ओलावृष्टि का अनुमान व्यक्त किया है। वहीं बारिश व बादलों से न्यूनतम तापमान में कहीं-कहीं दो से पांच डिग्री बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

## सीएम ने ली संभाग स्तरीय अधिकारियों की बैठक

# 'अंतिम पंक्ति में बैठे पात्र व्यक्ति तक पहुंचे सरकार की योजना का लाभ'



बेधड़क | जयपुर

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा कि सरकार का ध्येय सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास है। हमारा दायित्व है कि अपने कर्तव्य को पूर्ण निष्ठा से निभाते हुए जनता के विश्वास को कायम रखें। सरकार की हर योजना का लाभ अंतिम पंक्ति में बैठे पात्र व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए अधिकारी पूर्ण संवेदनशीलता के साथ कार्य करें।

मुख्यमंत्री मंगलवार को उदयपुर प्रवास के दौरान संभागीय आयुक्त कार्यालय में संभाग स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। सीएम ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था सरकार की प्राथमिकता है। इसके लिए सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। उन्होंने संगठित अपराधों पर सख्ती से नकेल कसने के निर्देश दिए। इस दौरान शर्मा ने पुलिस महानिरीक्षक अजयपाल लांबा से संभाग में कानून व्यवस्था की स्थिति के बारे में जानकारी ली। साथ ही संगठित अपराधों की स्थिति और पुलिस की कवायदों के बारे में फीडबैक लिया। सीएम ने अभय कमांड सेंटर के सुचारू संचालन तथा कैमरों के रखरखाव के निर्देश दिए। सीएम ने कहा कि सुशासन हमारा मूल मंत्र है।

### अधिकारी करें योजनाओं की मॉनिटरिंग

सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रत्येक भारतीय को समर्थ और सशक्त बनाने तथा देश को आजादी की 100वीं वर्षगांठ तक विकसित राष्ट्र की पंक्ति में खड़ा करने की संकल्पना को मूर्त रूप देने का अनुष्ठान है। इसे पूर्ण गंभीरता से लिया जाए। उन्होंने कहा कि अधिकारी इसकी सतत मॉनिटरिंग कर शिविरों में शत-प्रतिशत पात्र लोगों को केंद्र की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करें। उन्होंने विभागीय कार्यों की प्रभावी मॉनिटरिंग, दफ्तरों में अच्छी व्यवस्था व माहौल रखने तथा कार्यों को समयबद्ध संपादित करने के निर्देश दिए।

### RAS भर्ती-2013 पेपर लीक का आरोपी अरेस्ट

**जयपुर।** प्रदेश में सरकार बदलने के बाद अब पेपर लीक के आरोपियों की नकेल कसना शुरू कर दिया है। पेपर लीक में फरार चल रहे आरोपियों को लेकर एसआईटी और एसओजी की लगातार धरपकड़ कर रही है। एसओजी ने मंगलवार को आरएएस प्री परीक्षा 2013 पेपर लीक मामले में एक वांछित आरोपी आरोपी अजीत सिंह सहरिया को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने परीक्षा से पहले ही पेपर हासिल करके पढ़ लिया था। गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

# जालोर विधायक जोगेश्वर गर्ग बने मुख्य सचेतक

बेधड़क | जयपुर



जालोर से भाजपा के वरिष्ठ विधायक जोगेश्वर गर्ग को सरकारी मुख्य सचेतक नियुक्त किया है। विधानसभा ने उनकी नियुक्ति की अधिसूचना जारी कर दी है। गर्ग विपक्ष में रहते हुए भी बीजेपी विधायक दल के सचेतक थे। गर्ग जालोर से 5वीं बार के विधायक हैं। सबसे पहले 1990 में विधायक बने थे। गर्ग 1990 में भैरों सिंह शेखावत के नेतृत्व वाली सरकार में स्वतंत्र प्रभार वाले राज्य मंत्री रह चुके हैं। उनके पास यूडीएच, स्वायत्त शासन और पीएचईडी, आयुर्वेद विभाग थे। गर्ग भाजपा में कई पदों पर रह चुके हैं। गर्ग भाजपा एससी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष, राष्ट्रीय मंत्री रह चुके हैं।

भाजपा की राष्ट्रीय परिषद और बीजेपी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भी रह चुके हैं।

## सेंट्रल जेल की सुरक्षा पर फिर खड़ा हुआ सवाल


# चेकिंग के दौरान कैदी ने निगला मोबाइल, एंडोस्कॉपी से निकाला बाहर

- जेल में कैदी फज्जू चोरी-छिपे यूज कर रहा था मोबाइल
- चेकिंग के दौरान पकड़े जाने के डर से निगला मोबाइल
- जेल के प्रहरी ने कैदी के खिलाफ लालकोठी थाने में दर्ज कराया मामला

बेधड़क | जयपुर

राजधानी जयपुर के सेंट्रल जेल में बंद एक कैदी के मोबाइल निगलने का मामला सामने आया है। कैदी जेल में आर्म्स एक्ट में बंद था, पांच जनवरी को निगरानी के समय ड्यूटी दे रहे प्रहरी को कैदी की स्थिति संदिग्ध दिखने जब टोका गया तो कैदी ने मोबाइल मुंह में निगल लिया। मामला सामने आने पर जेल अधिकारी उसे लेकर एसएमएस अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने एंडास्कोपी से कैदी के पेट से मोबाइल बाहर निकाला। कैदी के पास मोबाइल मिलने पर केंद्रीय कारागार की सुरक्षा पर एक बार फिर से सवाल खड़ा हो गया है।

एसएमएस अस्पताल की डॉक्टर शालू गुप्ता के अनुसार एक पेशेंट को लाया गया था। उसकी जांच की गई तो मोबाइल पेट में होना पाया गया। ऐसे में एंडोस्कॉपी से मुंह के रास्ते से ही मोबाइल को बाहर निकाला गया। इस प्रक्रिया में सर्जरी की आवश्यकता नहीं करनी पड़ती। इसमें मुंह के रास्ते एक पाइप डाला जाता है। यह अंदर जाकर मोबाइल को पकड़ लेता है। इसके बाद मोबाइल को बाहर निकाल लिया जाता है। अगर ज्यादा देर हो जाती तो मोबाइल और नीचे चला जाता तो सर्जरी करनी पड़ सकती थी। वहीं यह मोबाइल एक्सरे में साफ दिखाई दे रहा था।



### तबीयत बिगड़ने पर जेल प्रहरी कैदी को लेकर पहुंचे अस्पताल

जेल में कैदियों के पास मोबाइल होने की घटनाएं आए दिन सामने आती रहती है। लिहाजा जेल प्रशासन की ओर से समय समय पर औचक निरीक्षण किया जाता है। 5 जनवरी की शाम को जयपुर सेंट्रल जेल में औचक निरीक्षण किया जा रहा था। इसी दौरान एक विचाराधीन कैदी फज्जू ने पकड़े जाने के डर से मोबाइल निगल लिया। जल्दबाजी में उसने यह हरकत की तो मोबाइल उसके गले में फंसकर अटक गया। उसके बाद उसकी हालत बिगड़ने लगी। पता चलने पर जेल प्रहरी उसे अस्पताल लेकर पहुंचे जहां बड़ी मशक्कत के बाद मोबाइल को निकाला जा सका।

### आर्म्स एक्ट में बंद था कैदी

जयपुर सेंट्रल जेल के प्रहरी सतपाल जाट ने लालकोठी थाने में मामला दर्ज कराया है। इसमें बताया कि जेल में विचाराधीन बंदी फज्जू पुत्र शहीद खान निवासी अशरफ काली का भट्टा नाग तलाई घाटगेट (जयपुर) बंद है। आरोपी कैदी फज्जू को रामगंज थाना पुलिस ने आर्म्स एक्ट में गिरफ्तार किया था। इसके बाद पुलिस की ओर से उसे 8 अगस्त, 23 को जेल में भिजवाया गया था। इसके बाद से ही केंद्रीय कारागार की जेल में बंद था। पुलिस ने प्रिजनर्स एक्ट की धारा 42 के तहत मामला दर्ज किया है। मामले की जांच हैड कांस्टेबल जुगल किशोर कर रहे हैं। कारागार अधिनियम की धारा 42 तहत प्रतिबंधित वस्तु लाना और छुपाना असंज्ञेय अपराध है। यह दंडनीय अपराध है। इस एक्ट में छह महीने की सजा के साथ आर्थिक दंड का प्रावधान है। इस घटना के बाद जेल की सुरक्षा व्यवस्था पर फिर सवाल खड़े हो गए। आखिर जेल में कैदी के पास मोबाइल कैस पहुंच गया।

## जरूरी खबर

### ऊर्जा मंत्री से की श्रमिक संघ ने मुलाकात



**बेधड़क, जयपुर।** भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश महामंत्री हरिमोहन शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान विद्युत श्रमिक महासंघ के प्रतिनिधि मण्डल ने मंगलवार को ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर शिष्टाचार मुलाकात की। प्रतिनिधि मंडल ने ऊर्जा विभाग के कर्मचारियों के हितों के विषयों पर विस्तार से चर्चा की। प्रदेश मंत्री हरिमोहन शर्मा ने कहा कि विभाग के मंत्री के दिशा निर्देश के अनुसार श्रमिक संघ पूरी ईमानदारी से कार्य करेंगे। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष मधुसूदन जोशी, धर्मेंद्र सांखला, विजय सिंह सांखला, सुशील सैन, लाखन सिंह, अजय सक्सेना, यतेंद्र कुमार, मौजूद रहे।

### रेल न्यायाधिकरण ने 8 लाख का क्लेम किया खारिज

**बेधड़क, जयपुर।** रेल दावा न्यायाधिकरण जयपुर ने याची को सद्भावी यात्री नहीं मानते हुए रेलवे के विरुद्ध दायर 8 लाख की क्लेम याचिका को खारिज कर दिया। रेलवे की ओर से भारत सरकार के अधिवक्ता एडिशनल स्टैंडिंग गवर्नमेंट काउंसिल टीकम चंद शर्मा ने पैरवी की। उन्होंने बताया कि न्यायालय ने मृतक यात्री राजेश कुमार को सद्भावी यात्री नहीं माना ना ही दुर्घटना को अनपेक्षित घटना की श्रेणी में माना। न्यायालय ने विस्तृत आदेश पारित करते हुए मृतक राजेश कुमार के परिजनों की ओर से पेश याचिका खारिज कर दी। गौरतलब हैं कि 16 जनवरी 2019 को सांगानेर रेलवे स्टेशन के आगे एक शव मिला था, जिसकी पहचान राजेश कुमार के रूप में हुई थी। उनके परिजनों ने यह रेलवे की लापरवाही बताते हुए 8 लाख का मुआवजा मांगा था।

### वन मंत्री से मिले कर्मचारी संगठन, दी शुभकामनाएं



**बेधड़क, जयपुर।** वन विभाग के विभिन्न कर्मचारी संगठनों ने मिलकर वन मंत्री संजय शर्मा से पुष्प गुच्छ भेंट कर कर बधाई और शुभकामनाएं दी। विभागीय समिति वन विभाग के महामंत्री चेतन कुमार नूनीवाल ने बताया कि इस मौके पर अवसर पर सहायक कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष देवी सिंह वाहन, चालक संघ के प्रदेश अध्यक्ष अजयवीर सिंह, विभागीय समिति वन विभाग के अध्यक्ष प्रकाश चंद्र यादव, उपाध्यक्ष राजेश कुमार शर्मा, अशोक शर्मा, मुकेश सैनी, अभय दाधीच, जितेंद्र सांवसिया आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

---

**कृषि मंत्री ने अधिकारियों के साथ बैठक में अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के दिए निर्देश**

# नवाचार और जैविक खेती से बढ़ाएंगे किसानों की आय: मीणा



**बेधड़क | जयपुर**

किसानो की आय को दोगुनी करने को लेकर कृषि के क्षेत्र में नवाचारों को अपनाया जाए, जिससे पैदावार में बढ़ोतरी होगी। फसलों का उचित मूल्य दिलवाया जाएगा। इससे किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

परम्परागत खेती के स्थान पर जैविक खेती पर जोर दिया जाएगा। इसके लिए विशेष कैंप लगाकर किसानों को जागरूक किया जाएगा। यह बात कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने मंगलवार को पंत कृषि भवन में कृषि एंव उद्यानिकी विभाग, बीज प्रमाणीकरण संस्था और राजस्थान राज्य बीज निगम की प्रथम बैठक के दौरान कही। मंत्री मीणा ने बैठक के दौरान अधिकारियों से विभाग द्वारा क्रियान्वित की जा रही केंद्र की योजनाो का लाभ आम आदमी तक पहुंचने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अंतिम छोर पर बैठे किसान को केंद्र और राज्य की योजना का लाभ मिलना चाहिए, ताकि उनकी आजीविका का स्तर बढ़े। मंत्री मीणा ने फार्म पौंड, सिंचाई पाइप लाइन, डिग्गी, बीज उत्पादन, मिनिकिट वितरण, मिलेट्स प्रोत्साहन और तारबंदी संबंधी प्रमुख गतिविधियों की भी जानकारी ली।

मंत्री मीणा ने अधिकारियो को केंद्र की प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन, राष्ट्रीय कृषि विस्तार व तकनीकी मिशन, राष्ट्रीय टिकाऊ खेती मिशन, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, राष्ट्रीय परम्परागत कृषि विकास योजना, राष्ट्रीय बागवानी मिशन और पीएम-कुसुम योजना कम्पोनेन्ट 'बी' जैसी योजनाओ के सुचारू क्रियान्वयन को लेकर आवश्यक रोडमैप बनाकर सभी पात्र लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए।

### बीमा योजना में 1 हजार करोड़ की राशि होगी वितरित

कृषि मंत्री मीणा ने बताया कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के निर्देशानुसार विभाग में 100 दिन की कार्ययोजना बनाई गई है। संकल्प पत्र में तैयार 100 दिन की कार्य योजनाओं में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के 1 हजार करोड़ रुपए फसल के नुकसान का आंकलन एवं राहत राशि का वितरण किया जाएगा। 500 कस्टम हायरिंग केन्द्रों की स्थापना, पीएम कुसुम योजना के अन्तर्गत प्रदेश में मौजूद ट्यूब वैलों का सौर ऊर्जा द्वारा संचालन सुनिश्चित करने के लिए 5 हजार सोलर पंप स्थापित किए जाएंगे। 27 हजार हेक्टेयर क्षेत्रफल में ड्रिप एवं मिनि स्प्रिंकलर व 54 हजार हेक्टेयर क्षेत्रफल में स्प्रिंकलर लगाएं जाएंगे। मंत्री मीणा ने कहा कि मिलेट्स उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए मिलेट्स उत्पादों के उत्पादन व विपणन पर जोर दिया जाएगा।

### कर्मचारियों की हुई डीपीसी

मंत्री मीणा ने जल ग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण विभाग में नवीन जिलों के गठबंधन उपरांत अभियांत्रिकी संवर्ग के पदों के पुनर्गठन और डीपीसी भी की गई। डीपीसी के बाद अतिरिक्त मुख्य अभियंता, अतिरिक्त निदेशक के 20, अधीक्षण अभियंता-संयुक्त निदेशक के 57, अधिशाषी अभियंता व उप निदेशक के 190 और सहायक अभियंता के 581 पद होगें। इस दौरान बैठक में कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के शासन सचिव डॉ. पृथ्वी, कृषि विभाग के आयुक्त कन्हैया लाल स्वामी, उद्यानिकी विभाग के आयुक्त लक्ष्मण सिंह कुड़ी, संयुक्त शासन सचिव कैलाश नारायण मीणा एवं राजस्थान राज्य बीज निगम के एमडी जसवंत सिंह सहित विभाग के आला अधिकारी मौजूद रहे।

---

**RTIDF फंड के 132 करोड़ रुपए बकाया, वेतन को तरस रहे कार्मिक**

# घाटे में चल रही रोडवेज को नई सरकार से 'संजीवनी' की आस



**बेधड़क | जयपुर**

लंबें समय से घाटे में चल रही रोड़वेज को प्रदेश में नई सरकार आने के बाद अब राहत की उम्मीद बंधी है। रोडवेज के करीब 250 करोड़ रुपए राज्य सरकार और निकायों के स्तर पर बकाया हैं। इसके चलते हालात ये हैं कि रोड़वेज के पास बसों के संचालन के लिए भी फंड की कमी चल रही है। इसके चलते रोड़वेजकर्मियों को दो माह से वेतन भी नहीं मिल रहा है। वहीं नई बसों की खरीद भी नहीं हो पा रही है।

भुगतान को लेकर कई बार रोड़वेज की ओर से सरकार को पत्र लिखा गया, लेकिन भुगतान नहीं किया गया। नई सरकार के गठन के बाद अब रोडवेज को 'संजीवनी' मिलने की आस बंधी है। दरअसल रोडवेज को बसों के संचालन के लिए राज्य सरकार की तरफ से आर्थिक सहायता मुहैया कराई जाती है।

इसमें राजस्थान ट्रांसपोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट फंड (आरटीआईडीएफ) के 132 करोड़ और सालाना 200 करोड़ रुपए की आर्थिक राशि शामिल है, लेकिन इस बार रोडवेज को न तो आरटीआईडीएफ फंड से और न ही आर्थिक मदद के पेटे राशि दी जा रही है। दरअसल रोडवेज बसों में करीब 36 श्रेणियों में यात्रियों को निशुल्क और रियायती यात्रा कराई जाती है।

इस राशि का भुगतान राज्य सरकार द्वारा किया जाता है। रोडवेज प्रशासन की इस बकाया राशि में पुनर्भरण की राशि भी शामिल है। इसके करीब 132 करोड़ रुपए रोडवेज प्रशासन के राज्य सरकार के स्तर पर पर बकाया हैं। वहीं नवंबर 2023 माह के पुनर्भरण का भुगतान भी राज्य सरकार द्वारा रोडवेज प्रशासन को नहीं किया गया है। अभी रोडवेज में कर्मचारियों को नवंबर और दिसंबर माह का वेतन और पेंशन का भुगतान नहीं मिला है। राज्य सरकार की तरफ से ड्यूज क्लीयर होने पर वेतन देना संभव हो सकेगा।

### बैठक में एमडी ने फंड दिलाने की रखी थी मांग

सोमवार को परिवहन मंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा की बैठक में रोडवेज एमडी नथमल डिडेल ने निगम में बसों की वृद्धि के लिए वित्तीय आवश्यकता, वाहनों की स्थिति, रोड़वेज बसों में विभिन्न श्रेणियों को दी जा रही रियायतों, मासिक आय व्यय विवरण, संचालन लागत आदि की जानकारी सामने रखी थी। ऐसे में उम्मीद है कि मंत्री आगे फंड दिलवाने के लिए कवायद शुरू करें।

### निकायों पर भी चल रहा है बकाया

बड़ी बात यह है कि राज्य सरकार के स्तर पर तो रोडवेज की राशि बकाया है ही, इसके अलावा निकायों पर भी करोड़ों रुपए की राशि बकाया चल रही है, जिसका भुगतान नहीं किया गया है। दरअसल जयपुर और अजमेर शहर में स्थानीय निकायों की ओर से जेसीटीएसएल और एसीटीएसएल के रूप में कंपनियां बनाकर बसों का संचालन किया जा रहा है। इन सिटी बसों का संचालन रोडवेज के डिपो से ही हो रहा है। इस तरह दोनों शहरों में सम्बंधित निकायों पर रोडवेज की करीब 62 करोड़ की राशि बकाया है। इसी तरह जयपुर के ट्रांसपोर्ट नगर में जयपुर नगर निगम को 7 हजार वर्गमीटर से अधिक भूमि दी गई थी, जिसका भुगतान भी नगर निगम ने रोडवेज प्रशासन को नहीं किया है।

### कमाई 150 करोड़, खर्चा 240 करोड़

रोडवेज को बसों के संचालन से रोजाना औसतन 3 करोड़ रुपए का नुकसान हो रहा है। रोडवेज की मासिक आय जहां करीब 150 करोड़ रुपए होती है, वहीं खर्च करीब 240 करोड़ रुपए प्रति माह हो रहा है। इस तरह करीब 90 करोड़ रुपए के हर माह घाटे के चलते रोडवेज को आर्थिक मदद जरूरी भी है। देखना होगा कि जब राज्य में नई सरकार कामकाज संभाल चुकी है तो रोडवेजकर्मियों की यह परेशानी कब तक समाप्त होगी।

### सरकार के स्तर पर इतनी राशि बकाया

आरटीआईडीएफ के पेटे 83.75 करोड़ रुपए बकाया हैं। वहीं 28 करोड़ 21 लाख रुपए की राशि नवंबर माह के पुनर्भरण के पेटे और रियायती एवं निशुल्क यात्राओं के एवज में दी जाने वाली राशि का भुगतान बकाया चल रहा है। इसी प्रकार 20 करोड़ रुपए का आर्थिक अनुदान राज्य सरकार के स्तर पर बकाया है। इस तरह से कुल 131 करोड़ 96 लाख रुपए की राशि बकाया है। इसके अलावा निकायों को मिलाकर रोडवेज का 249 करोड़ रुपए का भुगतान बकाया चल रहा है।

> सरकार के स्तर पर करोड़ों रुपए का बकाया रोडवेज का चल रहा है। इसके चलते रोड़वेज कर्मचारियों को दो माह से वेतन नहीं मिल रहा है। रिटायर्ड कर्मचारियों को एक साल से पेंशन परिलाभ नहीं मिला है। प्रदेश में नई सरकार बनी है तो अब उम्मीद है कि जल्द से जल्द रोड़वेज का बकाया चुकाए ताकि कर्मचारियों को समय पर वेतन मिले।
>
> **एमएल यादव, प्रदेश संयोजक, संयुक्त मोर्चा रोडवेज श्रमिक संगठन।**

---

**तैयारी का समय कम, बढ़ रहा रोष**

# RAS परीक्षा आगे बढ़ाने की मांग को लेकर राज. विवि के बाहर धरना शुरू



**बेधड़क | जयपुर**

आरएएस की मुख्य परीक्षा को लेकर विरोध लगातार बढ़ता जा रहा है। भर्ती परीक्षा की तारीख आगे बढ़ाने की मांग को लेकर युवाओं ने मंगलवार को राजस्थान यूनिवर्सिटी के मुख्य द्वार पर धरना शुरू कर दिया है।

अभ्यर्थियों ने कहा कि इतिहास में पहली बार मुख्य परीक्षा के लिए 3 महीने से कम वक्त दिया जा रहा है जो न सिर्फ युवाओं बल्कि राजस्थान के भविष्य के लिए भी ठीक नहीं है। इसके बाद सड़क से लेकर सोशल मीडिया तक युवाओं ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। वहीं सोशल मीडिया प्लेटफ्रॉम एक्स पर भर्ती परीक्षा की तारीख आगे बढ़ाने का हैश टैग ट्रेंड कर रहा है। इसके साथ ही सोशल मीडिया पर अभ्यर्थियों ने खून से लेटर लिखने के साथ ही भगवान राम का नाम लेकर सरकार की संवेदनशीलता पर सवाल खड़े किए। प्रदर्शनकारी छात्रों ने कहा कि इस बार मेंस परीक्षा के लिए 3 महीने से भी कम का वक्त दिया गया है। जो तैयारी के लिए पर्याप्त नहीं है। ऐसे में अगर सरकार ने भर्ती परीक्षा के शेड्यूल में संशोधन कर हमें तैयारी के लिए ज्यादा वक्त नहीं दिया। प्रदेशभर के युवा सरकार के खिलाफ आर-पार की लड़ाई लड़ेंगे।

गौरतलब हैं कि राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा आरएएस मुख्य भर्ती परीक्षा का आयोजन 27 और 28 जनवरी को किया जा रहा है। इसके खिलाफ प्रदेश पर में युवाओं ने सड़क से लेकर सोशल मीडिया तक अभियान शुरू कर दिया है। जिसके समर्थन में अब तक 20 विधायकों ने भी सरकार को पत्र लिख दिया है। बावजूद इसके राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा भर्ती परीक्षा की तारीख में अब तक कोई बदलाव नहीं किया गया है।

---

**विधानसभा अधिकारी परिषद का शपथ ग्रहण समारोह**

# कर्मचारी बनाए रखें विस की गरिमा

**बेधड़क | जयपुर**

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि वे विधानसभा की गरिमा को बनाए रखे। उन्होंने कहा कि विधानसभा में परिवार के सदस्य की भावना से कार्य करें।

देवनानी मंगलवार को विधानसभा सचिवालय की नवनिर्वाचित अधिकारी परिषद के शपथ ग्रहण समारोह को संबोधित कर रहे थे। देवनानी ने परिषद के अध्यक्ष लोकेश जैन, उपाध्यक्ष रसिक बिहारी मीणा, सचिव शिव कुमार शर्मा, कोषाध्यक्ष शान्ती कुमार सैनी, संयुक्त सचिव रवि कुमार जैन, कार्यकारिणी सदस्यों इन्द्रा शर्मा, दिनेश कुमार राव, फारूक खान, ललित त्रिवेदी, नरेन्द्र कुमार शर्मा और राजकुमार टांक को शपथ दिलाई। किसी भी अधिकारी या कर्मचारी को कोई समस्या हो तो वह उनसे सीधे आकर मिल सकता है। इस मौके पर प्रमुख सचिव महावीर प्रसाद शर्मा सहित विधानसभा के अधिकारीगण मौजूद थे।



### विधानसभा में पौषबड़ा उत्सव

राजस्थान विधानसभा सचिवालय परिसर में स्थित शिव मंदिर प्रांगण में मंगलवार पौष बड़ा आयोजन किया गया। प्रसादी से पूर्व भगवान शिव की मनोहारी झांकी सजाई गई। इस दौरान भजन और महाआरती का भी हुई। विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने शिव मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की।

---

**भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने चित्तौड़गढ़ में शिविर का किया अवलोकन**

# वरदान बन रही गारंटी वाली गाड़ी: जोशी




**बेधड़क | जयपुर**

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी गारंटी वाली गाड़ी देशभर में जरूरतमंदों के लिए वरदान साबित हो रही है।

प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले दस सालों में जो कहा वो किया और राष्ट्रहित में जो नहीं कहा वो भी किया। जनता यूं ही नहीं कहती सपने नहीं हकीकत बुनते हैं इसीलिए लोग मोदी को चुनते हैं। आज देश की जनता को मोदी की गारंटी पर पूरा विश्वास है। यह बात जोशी ने मंगलवार को चित्तौड़गढ़ दौरे के दौरान कही। जोशी ने मणिपुर में मां भारती की सेवा करते हुए वीरगति को प्राप्त हुए सैनिक राधेश्याम गुर्जर के निवास गुर्जर खेड़ा, नगरी पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित कर परिजनों को सांत्वना दी। रूढगढ़ बालाजी मंदिर में भगवान देवनारायणजी की कथा सुनी और विधानसभा बेगूं की ग्राम पंचायत माधोपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में पहुंचकर शिविर का अवलोकन कर लाभार्थियों के साथ संवाद किया। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश के गरीब और किसान का दर्द पता है।

उन्होंने गरीब कल्याण के लिए काम करते हुए युवा और महिलाओं को मजबूती देने का काम किया है। मोदी सरकार ने महिला एवं स्वयं सहायता समूह को ड्रोन उपलब्ध करवाने की एक योजना 'ड्रोन दीदी' को मंजूरी दी है। यह ड्रोन कृषि कार्य उर्वरकों के छिडकाव आदि कार्यों में उपयोग किए जाऐंगे।

---

**प्रदेश के हर घर को मिले जल कनेक्शन**

# योजनाओं की क्वालिटी कंट्रोल विंग करे भौतिक जांच

**बेधड़क | जयपुर**

जल जीवन मिशन में जो चुनौतियां हैं उन्हें स्वीकार कर प्रदेश को जेजेएम में ऊपरी पायदान पर लाया जाएगा। प्रदेश ग्रामीण क्षेत्र में प्रत्येक घर तक जल कनेक्शन पहुंचाया जाएगा।

परियोजनाओं में देरी के कारणों का पता लगाकर उनका हल निकाला जाएगा और जेजेएम की गति बढ़ाई जाएगी। यह बात जलदाय मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने मंगलवार को जल भवन में आयोजित विभाग की समीक्षा बैठक में कही। उन्होंने कहा कि वर्तमान में चल रहीं योजनाओ की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देते हुए क्वालिटी कंट्रोल विंग को फील्ड में जाकर फिजीकल वेरीफिकेशन करने, सैंपल एकत्र करने एवं गुणवत्ता खराब होने की शिकायत मिलने पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। जलदाय मंत्री ने कहा कि किसी भी कार्य की गुणवत्ता से समझौता नहीं किया जाएगा। इसके लिए अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों को एकजुट होकर टीम भावना के साथ कार्य करते हुए तय लक्ष्य पूरे करने के निर्देश दिए।




### मौके पर जाकर देखें कार्यों की गुणवत्ता

जलदाय मंत्री ने कहा कि सरकार की कोई भी योजना छोटी या बड़ी नहीं होती हैं। अधिकारी मौके पर जाकर योजनाओं के कार्य की जांच करें। कार्य अच्छा और गुणवत्तापूर्ण हो इस बात का विशेष ध्यान रखें। अधिकारियों को निर्देश देते हुए मंत्री चौधरी ने कहा कि पहले से स्वीकृत हैंडपंप एवं ट्यूबवेल को फंक्शनल बनाने एवं जिन ट्यूबवेल में बिजली कनेक्शन नहीं है वहां प्राथमिकता से बिजली कनेक्शन करवाए जाएं। जलदाय विभाग के एसीएस डॉ. सुबोध अग्रवाल ने जलदाय मंत्री को विभाग में विभिन्न परियोजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही चुनौतियों एवं वित्तीय स्थिति के बारे में अवगत कराया।

### ACS ने दी कार्यों की जानकारी

जलदाय विभाग के एसीएस डॉ. सुबोध अग्रवाल ने सौ दिवसीय कार्य योजना के साथ ही जल जीवन मिशन योजना में प्रगति को लेकर मंत्री चौधरी को जानकारी दी। उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत हो रहे कार्यों के बारे में अवगत कराया। विभाग की इस समीक्षा बैठक में एमडी जल जीवन मिशन बचनेश अग्रवाल, मुख्य अभियंता आर. के. मीणा, मुख्य अभियंता (प्रशासन) राकेश लुहाड़िया, मुख्य अभियंता (विशेष परियोजना) दिनेश गोयल, मुख्य अभियंता (जोधपुर) नीरज माथुर, अतिरिक्त मुख्य अभियंता (ग्रामीण) देवराज सोलंकी सहित प्रदेशभर के पीएचईडी रीजन एवं प्रोजेक्ट्स से जुड़े अतिरिक्त मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता, अधिशाषी अभियंता उपस्थित रहे।

---

**गुणवत्ता नियंत्रण प्रयोगशाला का निरीक्षण**

# योजनाओं के प्रोजेक्ट समय से हो पूरे: दीया

**बेधड़क | जयपुर**

उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि केन्द्र की योजनाओं से मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, अस्पताल एवं अन्य निर्माण कार्य जो आरएसआरडीसीसी द्वारा करवाए जा रहे हैं, उन्हे गुणवत्तापूर्ण तरीके से समय पर पूरा करें।

उप मुख्यमंत्री मंगलवार को राजस्थान राज्य सड़क विकास एवं निर्माण निगम कार्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक को सम्बोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि आमजन से जुड़े इन महत्पूर्ण कार्यों सहित अन्य कामों को भी समय पर पूरा करें, ताकि आमजन को सुविधाओं का लाभ मिल सकें। उन्होंने कहा कि यह विभाग आमजन से सीधे तौर पर जुडा हुआ है। इसलिए हमारे कामों का असर भी दिखना चाहिए।

हमारा विभाग जितना अच्छा काम करेगा जनता को सुविधाओं का उतना ही बेहतर लाभ मिलेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए की पूरे राज्य में सड़कों के ऐसे क्षेत्र जो अनसेफ हो चुके हैं और दुर्घटना का कारण बन सकतें है उन्हें चिह्नित कर तत्काल ठीक करवाएं।

## जरूरी खबर

### मेट्रो लाइन से दूर पतंगबाजी करने की अपील



**जयपुर।** मकर संक्राति के नजदीक जयपुर मेट्रों की बिजली प्रवाह लाइनों में पतंगों के मांझें से मेट्रों संचालन में रुकावट हो सकती है। पूर्व में भी पतंगबाजी से मेट्रो ट्रेनों के संचालन में रूकावट आई थी। मेट्रो पीआरओ शरद कुमार के अनुसारतारों से करीब 5000 पतंगों एवं बड़ी तादाद में मांझा को हटाने में दिन रात मशक्कत करनी पड़ी थी। ऐसे में अब जयपुर मेट्रो प्रशासन ने आमजनों को सजग करते हुए मेट्रो रेल मार्ग के आस-पास पतंगबाजी से परहेज करने की अपील की है। जिससे कि किसी अनहोनी/जनहानि से बचा जा सकें।

### वित्त समिति की बैठक में कई एजेंडों पर चर्चा



**जयपुर।** ग्रेटर निगम की वित्त समिति की बैठक मंगलवार को आयोजित हुई। जिसमें समिति की चेयरमैन शील धाबाई सहित पार्षद मौजूद रहे। बैठक में सभी सदस्यों से चर्चा के बाद सभी वार्डों में अस्थाई सफाई कर्मचारी दो की जगह पांच करने का प्रस्ताव दिया गया। साथ ही घर-घर कचरा संग्रहण करने के लिए लगाए ई हूपर की जगह अन्य विकल्प तलाशने पर भी विचार किया गया। समिति चेयरमैन शील धाबाई ने बताया कि सभी सदस्यों ने सरकार से निगम में सफाई गाडी चलाने के लिए वाहन चालकों की संख्या में बढ़ोत्तरी के लिए पत्र लिखने का भी सुझाव दिया है।


सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।


## 'सच बेधड़क' मीडिया समूह के फाउंडर और एडिटर-इन-चीफ विनायक शर्मा को मिला सद्‌गुरु का आशीर्वाद

# सभी को सुकून देगा 'रामाभिषेकम्': सद्‌गुरु रितेश्वर महाराज

**बेधड़क** | जयपुर

सद्गुरु रितेश्वर महाराज ने कहा कि रामलला की अयोध्या में होने वाली प्राण प्रतिष्ठा से एक सप्ताह पहले जयपुर में 'सच बेधड़क' मीडिया समूह की ओर से आयोजित होने वाला 'रामाभिषेकम्' एवं विशाल आरती का विराट आयोजन भारतवासियों को सुकून और शांति देने वाला होगा।

सद्गुरु रितेश्वर महाराज मंगलवार को जयपुर में थे। सच बेधड़क मीडिया समूह के फाउंडर और एडिटर-इन-चीफ विनायक शर्मा ने उनसे भेंट की। सद्गुरु रितेश्वर महाराज ने विनायक शर्मा से लंबी आध्यात्मिक चर्चा की। उन्होंने 15 जनवरी को जयपुर में अल्बर्ट हॉल पर होने वाले कार्यक्रम 'रामाभिषेकम्' और अयोध्या से लाए गए रामलला के विग्रह की विशाल आरती को लेकर विनायक शर्मा को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि भारत की गौरवशाली परम्परा का पुनः प्रकाश हो रहा है। पूरा विश्व 22 जनवरी को राममंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का उत्सव पूर्ण श्रद्धा से मनाएगा। इससे पहले 15 को जयपुर में आयोजित होने वाले 'रामाभिषेकम्' एवं विशाल आरती में सभी को हर्षोल्लास से भाग लेना चाहिए। सद्गुरु ने 'सच बेधड़क' मीडिया समूह की ओर से चेयरमैन विनायक शर्मा के नेतृत्व में लगातार युवाओं और समाज के लिए आयोजित किए जा रहे आध्यात्मिकता से ओतप्रोत कार्यक्रमों की मुक्त कंठ से सराहा।






## लैंड के बदले लैंड मामलों पर रोक लगाने के निर्देश

# पिछली सरकार में आवंटित जमीनों की होगी जांच: खर्रा

- शासन सचिवालय में मंत्री ने अधिकारियों के साथ की बैठक
- भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं, अवैध अतिक्रमणों पर जताई नाराजगी

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश के यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने मंगलवार को शासन सचिवालय में विभाग में पहली समीक्षा बैठक की। यूडीएच मंत्री बैठक के दौरान पिछली सरकार में दी गई जमीन के बदलें जमीन मामलों को लेकर सख्त नजर आए। खर्रा ने इस संबंध में उन्होंनें जेडीसी को निर्देश दिए हैं कि पिछले पांच वर्षों में भूमि के बदले भूमि के कितने प्रकरण आए हैं, उनकी सूची एक सप्ताह में तैयार कर प्रस्तुत करें। उन्होंनें यह निर्देश भी दिए कि भूमि के बदले भूमि से संबंधित प्रकरणों में भविष्य में कोई भी कार्रवाई न करें, जो मामले जिस स्थिति में है, आगामी आदेशों तक उसे वहीं रोका जाए। ऐसे में अब सभी मामलों समीक्षा के बाद ही आगामी कार्रवाई की जा सकेगी। वहीं लगातार हो रहे अवैध निर्माणों पर उन्होंनें यू-1, यू-2, यू-3, इकोलॉजिकल क्षेत्र और ग्रामीण क्षेत्र में चल रहे अनधिकृत गतिविधियां को तुरंत प्रभाव से रोकने के निर्देश भी दिए। बैठक में आयुक्त जयपुर विकास प्राधिकरण डॉ जोगाराम, आयुक्त राजस्थान आवासन मंडल कुमार पाल गौतम, निदेशक स्वायत्त शासन विभाग हृदेश कुमार शर्मा, आयुक्त नगर निगम हैरिटेज अभिषेक सुराना, आयुक्त नगर निगम ग्रेटर रूकमणि रियार, संयुक्त सचिव नगरीय विकास विभाग, सचिव जेडीए सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।



### धरातल पर दिखें काम

खर्रा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि 100 दिन की कार्य योजना इस तरह तैयार की जाए कि धरातल पर काम नजर आएं। उन्होंनें बैठक में पूछा कि मुख्यमंत्री जन आवास योजना से संबंधित कितने प्रोजेक्ट वर्तमान में लंबित हैं एवं किस कारण अब तक पूर्ण नहीं किए जा सके हैं। ऐसे प्रोजेक्ट्स को किस प्रकार निर्धारित अवधि में पूर्ण किया जा सके। इसकी विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर प्रस्तुत की जाए। उन्होंनें यह निर्देश भी दिए कि पिछले चार साल में नगरीय विकास आवासन एवं स्वायत्त शासन विभाग ने प्रदेश में किस-किस संस्था और व्यक्ति को किस उद्देश्य से भूमि आवंटित की गई हैं। इसकी पूर्ण जानकारी सूची सहित प्रस्तुत करें। उन्होंनें भू—उपयोग परिवर्तन से संबंधित की गई कार्रवाईयों की सूची तैयार कर प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए। वहीं, उन्होने जेडीए में 90 ए की कार्रवाई के बाद ले-आउट अनुमोदन से संबंधित मामलों की रिपोर्ट भी मांगी है।

### कर्मचारी का वेतन रोको

मंत्री ने कहा कि जो सफाई कर्मचारी अन्य स्थान पर कार्य कर रहे हैं, ऐसे कर्मचारियों को 15 दिन के भीतर पुनः सफाई कार्यों में लगाएं। यदि कोई सफाई कर्मचारी सफाई अन्य कार्यों में लगा हो तो उसका मासिक वेतन रोका जाए और उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाए। उन्होंनें निदेशक स्वायत्त शासन विभाग को निर्देश दिए कि प्रदेश की नगरीय निकायों में अनियमितताओं की शिकायत है तो उसकी जांच कर कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

### जीरो टॉलरेंस की नीति पर करें काम

यूडीएच मंत्री ने दो टूक कहा कि भ्रष्टाचार किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं होगा। अधिकारी जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम करें, जिससे कार्य प्रणाली को और अधिक पारदर्शी एवं भ्रष्टाचार रहित बनाया जा सके। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी कार्यालयों में 31 जनवरी 2024 के बाद समस्त कार्य ऑनलाइन ही संपादित किए जाएं। उन्होनें कहा कि कई नगरीय निकाय क्षेत्रों में निर्मित सीसी सड़कें निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप नहीं बनाई गई है, उसके लिए जिम्मेदारी तय करते हुए उनमें व्यापक सुधार करवाया जाए। उन्होनें आयुक्त से कहा कि द्रव्यवती नदी परियोजना में शेष रहे कार्यों की सूची पेश करें। उन्होनें पूछा कि एसएमएस अस्पताल में निर्माणाधीन आईपीडी टावर के संबंध में कितनी शिकायतें प्राप्त हुई हैं, उनका तीन दिवस में संक्षिप्त विवरण तैयार कर प्रस्तुत करें।

## गोपालपुरा से रिद्धि सिद्धि चौराहे तक...

# जाम से मिलेगी निजात जेडीए और निगम ने हटाए अतिक्रमण



**बेधड़क** | जयपुर

जेडीए और ग्रेटर निगम ने मंगलवार सुबह संयुक्त अभियान चलाकर गोपालपुरा से रिद्धि सिद्धि चौराहे तक पनप रहे अतिक्रमण को आखिरकार हटा दिया है। गोपालपुरा से रिद्धि-सिद्धि चौराहे तक की 200 फीट की सड़क पर अतिक्रमण कई समय से हो रहा था। 2018 में तत्कालीन भाजपा सरकार ने ही यहां पर बुल्डोजर चलाकर सड़क को चौड़ा किया था, लेकिन सरकार के जाने के बाद फिर से इस सड़क पर धीरे-धीरे अतिक्रमण होने लग गया था। लोगों ने कई जगहों पर बरामदे बना लिए थे। जिससे कि दोनों तरफ 15 से 20 फीट तक सड़क जाम हो गई। ऐसे में मंगलवार को कार्रवाई करने जेडीए और ग्रेटर निगम के अधिकारी भारी लाव-लश्कर के साथ सुबह ही पहुंच गए।

### सुओमोटो के तहत थमाए नोटिस

मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन धर्मेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि गोपालपुरा बाईपास से त्रिवेणी नगर चौराहा तक कब्जा-अतिक्रमण के संबंध में सुओमोटो के तहत नोटिस जारी किए गए और अतिक्रमण हटाने के लिए पाबंद किया गया था। जिसके तहत मंगलवार को अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाकर निर्माणों को ध्वस्त किया गया।

### चार कॉलोनियों को किया ध्वस्त

जेडीए ने जोन-11 में पीपला भरतसिंह में 18 अवैध दुकानों की सीलिंग की कार्यवाही की। इकोलोजिकल जोन में करीब 15 बीघा कृषि भूमि पर बसी चार अवैध कॉलोनी को ध्वस्त और इकोलोजिकल जोन जयसिंपुरा खोर में निजी खातेदारी कृषि भूमि में ही करीब दो बीघा सरकारी भूमि को सम्मिलित करते हुए बसाई जा रही अवैध कॉलोनी को ध्वस्त किया।

## तकनीकी कार्यों के चलते कई रेलगाड़ियां प्रभावित

# कई ट्रेनें पूर्ण तो कई आंशिक रद्द

**बेधड़क** | जयपुर



पश्चिम रेलवे के साबरमती बीजी एवं अहमदाबाद स्टेशन पर तकनीकी कार्य के कारण रेल यातायात प्रभावित रहेगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार इस कार्य के कारण उत्तर पश्चिम रेलवे पर संचालित 09437, मेहसाणा–आबूरोड रेलसेवा 10 से 12 जनवरी तक तक रद्द रहेगी। 09438, आबूरोड–मेहसाणा रेलसेवा 11 से 13 जनवरी तक रद्द रहेंगी। इसी तरह जोधपुर मंडल पर फुलेरा-डेगाना रेलखण्ड के बीच स्थित नावां सिटी-कुचामन सिटी स्टेशनों के मध्य दोहरीकरण कार्य के लिए नॉन इंटरलॉकिंग कार्य किया जा रहा है। इस कार्य के कारण 19719, जयपुर-सूरतगढ़ रेलसेवा 14 फरवरी से 22 फरवरी तक (09 ट्रिप) जयपुर के स्थान पर बीकानेर से ही संचालित होगी। यह रेलसेवा जयपुर-बीकानेर के बीच आंशिक रद्द रहेगी। 19720 सूरतगढ़-जयपुर रेलसेवा 13 फरवरी से 21 फरवरी तक (09 ट्रिप) सूरतगढ़ से प्रस्थान करेगी। वह बीकानेर तक संचालित होगी यानि यह रेलसेवा बीकानेर-जयपुर के मध्य आंशिक रद्द रहेगी।

## कल्याण नगर अंडरपास: आमजन के लिए बना परेशानी का सबब

# 7 दिन से टूटा पड़ा बैरियर, दुर्घटना का अंदेशा

**बेधड़क** | जयपुर




सरकार जनता की सुविधा के लिए रेलवे लाइन के नीचे अंडरपास तो बना देती है लेकिन उसके रखरखाव पर ध्यान नहीं देती। जयपुर से कोटा जाने वाली रेलवे लाइन के नीचे महेश नगर के नजदीक बना कल्याण नगर अंडरपास स्थानीय जनता के लिए असुविधा का केंद्र बना हुआ है ।

कल्याण नगर अंडरपास टू व्हीलर एवं 2.40 मीटर ऊंचे वाहनों तक की सुविधा के लिए बने हुए हैं। पिछले हफ्ते अधिक ऊंचाई वाले वाहन ने अंडरपास में प्रवेश की कोशिश की तो भारी भरकम बैरिकेड गेट टूट कर नीचे गिर गया। अंडरपास रेलवे संपत्ति है, लेकिन अंडरपास का रखरखाव जेडीए करता है। दोनों ही विभाग आम जनता की समस्या से अनजान है।

## शहरी सरकार के नए प्रशासनिक मुखिया एक्शन में

# हेरिटेज नगर निगम में प्रत्येक सोमवार को होगी कामकाज की समीक्षा

**बेधड़क** | जयपुर

राजधानी की शहरी सरकार के नए प्रशासनिक मुखिया पदभार संभालने के साथ ही एक्शन में नजर आ रहे हैं। ग्रेटर निगम आयुक्त जहां अलसुबह सीधे फील्ड में उतर गई, वहीं हेरिटेज निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा ने निगम अधिकारियों को काम काज की शैली सुधारने निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहर की व्यवस्था के संचालन की प्रमुख बॉडी में आमतौर पर अधिकारी और कर्मचारी में खींचतान चली रहती है, लेकिन अब से निगम में ऐसा नहीं होगा। आयुक्त सुराणा ने कहा कि नगर निगम के कार्य बहुत महत्वपूर्ण हैं इन्हें कोई भी अधिकारी और कर्मचारी हल्के में लेने की भूल न करें। नगर निगम पुरा संपदा की वजह से एक प्रतिष्ठित संस्था हैं व जयपुर का चेहरा है। सभी अधिकारी व कर्मचारी अपने दफतर की इंटेग्रिटी रखें व अपनी नैतिक जिम्मेदारी को समझकर अपने दैनिक कार्यों में तेजी लाएं।



### जरूरतमंद व पीड़ित लोगों के प्रति रखें मानवीयता और सहानुभूति

आयुक्त सुराणा ने कहा कि जो भी जरूरतमंद लोग निगम कार्यालयों में विभिन्न शाखाओं में आते हैं। उनकी प्राथमिकता तय करें और जरूरतमंदों व पीड़ित के प्रति मानवीयता व सहानुभूति जाग्रत रखें। उनके कार्य अटकने नहीं चाहिए। उन्होंने सख्त लहजे में चेतावनी दी कि फाइलें घुमाना, फाइलें गुम करना, जरूरतमंदों को बार-बार चक्कर कटवाना किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वहीं गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलवाया जाए। इस काम में अगर कोई अनियमितता बरती गई तो सुनवाई नहीं होगी और सीधी सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि हेरिटेज निगम में कुछ कार्यों की रोजाना, कुछ की साप्ताहिक और बड़े प्रोजेक्ट के कार्यों की मासिक समीक्षा होगी और हर सोमवार को निगम अधिकारियों के साथ कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक की जाएगी। वहीं, एक शाखा दूसरी शाखा के कार्यों में अनावश्यक विलंब नहीं करें। साथ ही जोन वाईज प्रति सप्ताह दो कर्मचारी और महीने में कुल 32 कर्मचारियों को अच्छा काम करने पर सम्मानित करने के लिए स्मृति चिन्ह व प्रमाण-पत्र तैयार करवाने के निर्देश दिए।



### सफाई व्यवस्था का जायजा लेने पहुंची ग्रेटर आयुक्त

ग्रेटर आयुक्त रुक्मिणी रियार मंगलवार को अलसुबह शहर में सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण लेने फील्ड में पहुंच गई। उन्होंने सांगानेर फ्लाईओवर से दौरा शुरू किया। इसके बाद नामदेव कॉलोनी, नगर निगम रोड, सांगानेर मैन मार्केट, मालपुरा गेट, अनाज मंडी, फव्वारा सर्किल, वार्ड नं. 89 महावीर नगर समेत विभिन्न स्थानों की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सड़क पर चल रहे हूपर को रुकवाया और चालक से भी उन्होंने बात की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि फील्ड में कार्यरत सफाई कर्मचारी रिफ्लेक्टर जैकेट पहनकर काम करें। उन्होंने कई जगहों पर टूटे हुए नालों पर फैरो कवर लगवाने, रोड साईड पर पड़े मलबे-कचरे पर नाराजगी जताते हुए उसे तत्काल साफ करने के निर्देश दिए।

## जरूरी खबर

### थल सेना और यूएई की सेनाओं ने किया युद्धाभ्यास



**जैसलमेर।** भारतीय सेना और संयुक्त अरब अमीरात की थलसेना टुकड़ियों ने डेजर्ट साइक्लोन-I के अंतर्गत प्रशिक्षण एवं सामरिक अभ्यास का प्रदर्शन किया। जैसलमेर में एक्सरसाइज डेजर्ट साइक्लोन-2024 कार्यक्रम के तहत ये प्रदर्शन किया गया। युद्धाभ्यास में दोनों देशों की सेनाओं ने तालमेल के उच्च मानकों को प्रदर्शित किया। भारतीय सेना ने 'एक्स' के माध्यम से जानकारी साझा करते हुए बताया कि ऐसे अभ्यास से दोनों सेनाओं के बीच तालमेल को बढ़ावा मिल रहा है।

### पेड़ से टकराई टेंपो-ट्रैक्स, 14 श्रद्धालु घायल

**सीकर।** जिले में खाटू श्याम बाबा के दर्शन करने के बाद सालासर की ओर जा रही श्रद्धालुओं की टेंपो ट्रैक्स घने कोहरे के कारण पेड़ से टकरा गई। देर शाम हुए इस हादसे में चालक समेत 14 लोग घायल हो गए। इनमें से दो की हालत गंभीर है, जिन्हें सीकर के एसके हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। ये श्रद्धालु दिल्ली-एनसीआर से खाटू दर्शन के लिए आए थे। थानाधिकारी हेमराज सिंह ने बताया कि हादसे में घायल 14 लोगों में से दिल्ली निवासी विनिता और प्रवेंद्र की हालत गंभीर होने पर उन्हें सीकर के एसके अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं अन्य घायलों को उपजिला अस्पताल से प्राथमिक उपचार के बाद सीकर रैफर कर दिया गया।

### विश्वकर्मा योजना से दस्तकारों को मिलेगा फायदा



**बूंदी।** पूर्व कृषि मंत्री डॉ. प्रभुलाल सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किए गए 'वोकल फोर वोकल' पर आधारित पीएम विश्वकर्मा योजना जिले के दस्तकारों को आत्मनिर्भर बनाने में मील का पत्थर साबित होगी। डॉ. सैनी मंगलवार को नैनवां रोड़ स्थित निजी मैरिज गार्डन में एम.एस.एम.ई. विकास कार्यालय जयपुर की ओर से आयोजित योजना की कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। इस योजना से गांव में ही कार्य करने वाले दस्तकारों और कारीगरों को पहचान मिलेगी। पहली बार जनप्रतिनिधियों को अधिकारियों और कर्मचारियों के सहयोग के लिए जोड़ा गया है, ताकि प्रत्येक गांव में पांच और विधानसभा में लगभग एक हजार परिवारों को योजना से जोड़ा जा सके।

**रामलला के आगमन की खुशी:** पिता और भाई के साथ कोटपूतली से लोगों ने जयकारों के बीच किया रवाना

# 700 किमी स्केटिंग कर अयोध्या पहुंचेगा 10 साल का हिमांशु

**बेधड़क** | कोटपूतली

जिले के 10 साल का हिंमाशु 704 किलोमीटर स्केटिंग करके अयोध्या पहुंचेंगे के लिए निकल चुका है। 7वीं कक्षा में पढ़ रहे हिमांशु का कहना है कि एक दिन वह यूट्यूब देख रहा था तो कई लोगों के पैदल ही राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा उत्सव में अयोध्या पहुंचने की जानकारी मिली।

इससे वे प्रेरित हुए और स्केटिंग करके अयोध्या पहुंचने का फैसला किया। राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम 22 जनवरी होने वाला है। देश के कोने-कोने से लोग इसमें पहुंचकर इस ऐतिहासिक क्षण के गवाह बनना चाहते हैं। इन्हीं में से एक कोटपूतली निवासी हिंमाशु भी स्केटिंग करके अयोध्या पहुंचेंगे। हिमांशु का कहना है कि उसके साथ पापा और भाई भी अयोध्या जा रहे हैं। हिमांशु का कहना है कि सर्दी बहुत है, लेकिन भगवान श्रीराम की कृपा है। हिमांशु कोटपूतली से हाथ में ध्वज लेकर स्केटिंग करते हुए अयोध्या के लिए रवाना हुए।





### श्रीराम के जयकारों के बीच किया रवाना

हिमांशु का कहना है जब मैंने अयोध्या पहुंचने के लिए माता-पिता को बताया तो उन्होंने हामी भर दी। पिताजी की परमिशन मिली तो सोमवार सुबह 9 बजे हिमांशु स्केटिंग शूज पहकर यात्रा पर निकल पड़ा। कोटपूतली शहर के अग्रसेन तिराहे पर समाजसेवी तरुण पटेल और मुकेश गोयल ने हिमांशु का स्वागत किया और यात्रा की शुभकामनाएं दी। इस दौरान वहां मौजूद लोगों ने जय श्रीराम के नारे लगाते हुए उन्हें मंगल यात्रा के लिए रवाना किया।

### बानसूर में भी लोगों ने किया स्वागत

सोमवार दोहपर को हिमांशु कोटपूतली से 20 किलोमीटर की दूरी तय कर बानसूर कस्बे में पहुंचा तो लोगों ने श्रीराम के जयकारों के साथ उनका स्वागत किया। हिमांशु के साथ उनके भाई और पिता कार में चल रहे हैं। कार में दवाएं, गर्म कपड़े और जरूरी सामान हैं। यात्रा के दौरान रात में विश्राम रहेगा और दिनभर हिमांशु स्केटिंग पर अयोध्या के रास्ते पर बढ़ेगा।

### 22 को घर में उत्सव मनाने की अपील

बानसूर पहुंचने पर हिमांशु ने श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर उत्सव मनाने की लोगों से अपील की। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को भगवान राम के मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम है। जो लोग अयोध्या नहीं जा रहे हैं, उनसे अपील है कि अपने घर पर रहकर ही इस दिन 5 दीपक अवश्य जलाएं। मेरी यात्रा 8-9 दिन में पूरा हो जाएगा। मैं 16 जनवरी को अयोध्या पहुंच जाऊंगा। रास्ते में होने वाला खर्च मेरे पिता ही उठाएंगे। हिमांशु ने बताया कि मेरे पिता कोटपूतली में बिजली फिटिंग का काम करते हैं। मां कृष्ण देवी गृहिणी हैं। हिमांशु ने एक साल में ही स्केटिंग सीखी है। स्केटिंग करते हुए हिमांशु एक हाथ में भगवा ध्वजा लेकर चल रहा है। बानसूर के अंबेडकर सर्किल पहुंचने पर ग्रामीणों ने हिमांशु का स्वागत किया। हिमांशु बानसूर के रास्ते अलवर जाएगा। इसके बाद भरतपुर, आगरा होते हुए लखनऊ से अयोध्या पहुंचेगा।

**छत्तीसगढ़ प्रभारी बनने के बाद** पहली बार दौसा पहुंचे पायलट बोले...

# करणपुर में कांग्रेस की नीतियों की जीत, मणिपुर पर केंद्र मौन

**बेधड़क** | टोंक

कांग्रेस के छत्तीसगढ़ प्रभारी बनाए जाने के बाद सचिन पायलट पहली बार मंगलवार को दौसा पहुंचे। इस दौरान उन्होंने भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि श्रीकरणपुर चुनाव में जनता ने कांग्रेस की रीति और नीति का समर्थन करते हुए भाजपा के प्रत्याशी को नकार दिया। इससे करणपुर की जनता ने भाजपा को झटका दिया है।

पायलट सड़क मार्ग से दोपहर को दौसा पहुंचे। इस दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए पायलट ने कहा कि 14 जनवरी से राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा की शुरुआत कर रहे हैं। यात्रा मणिपुर से शुरू होगी। इस यात्रा से हम सब लोगों को बहुत प्रोत्साहन मिलेगा। साथ ही देशभर के कांग्रेस कार्यकर्ता और आमजन को जुड़ने का मौका मिलेगा। पिछले दिनों मणिपुर में हुई हिंसा की चर्चा करते हुए पायलट ने कहा कि देश में मणिपुर वो क्षेत्र है, जहां लंबे समय से लोगों पर अत्याचार हो रहा है। इसको लेकर वहां के लोग परेशान हैं, लेकिन केंद्र सरकार का वहां कोई ध्यान नहीं है। इस माहौल में राहुल गांधी वहां जा रहे हैं और हम सब उनके साथ वहां जाएंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि कांग्रेस कमेटी ने कुछ बदलाव किए हैं। इसके तहत मुझे भी एक प्रदेश की जिम्मेदारी दी है। ऐसे में हम मेहनत करेंगे। पायलट ने कहा कि हम छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और राजस्थान में भले ही चुनाव नहीं जीते हों, लेकिन हमारा वोट प्रतिशत उतना ही रहा है।



### भाजपा पर बोला जुबानी हमला

मीडिया से बातचीत के दौरान सचिन पायलट ने भाजपा पर जुबानी हमला बोला। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भाजपा ने सरकार बनाने के बाद नौकरियां खत्म कर दी। योजनाओं के नाम बदल दिए और सरकार गठन और मंत्रिमंडल गठन में जो देरी हुई, उससे समझा जा सकता है कि जिस उम्मीद से जनता ने बीजेपी को वोट दिया, उसे वो पूरा करने में विफल साबित हो रही है। वहीं करणपुर उपचुनाव के नतीजे के बाद ये साफ है कि जनता का रुझान अब कांग्रेस की ओर बढ़ रहा है। इस दौरान स्वागत में मौजूद पायलट समर्थकों ने सचिन पायलेट आई लव यू के नारों के साथ उनका स्वागत किया। इस अवसर पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष रामजी लाल औंढ़, सुल्तान बैरवा, डीसी बैरवा, पूर्व विधायक गजराज खटाना सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### भाजपा ने मान-मर्यादा को ताक पर रखा

सचिन पायलट ने इंडिया अलायंस को बेहतर गठबंधन बताते हुए कहा कि जो भाजपा आज सत्ता में है। वो इस बात से घबराई हुई है कि अगर सभी विपक्षी एकजुटता से चुनाव लड़ेंगे, तो चुनौती खड़ी होगी। उन्होंने आगे कहा कि श्रीकरणपुर के उपचुनाव में भाजपा ने लोकतंत्र की सारी मर्यादाओं को ताक पर रखकर और आचार संहिता का उल्लंघन कर अपने उम्मीदवार को मंत्री पद की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि श्रीकरणपुर में कांग्रेस के उम्मीदवार की भारी बहुमत से जीत बीजेपी के लिए बड़ा झटका भी है। भाजपा के मंसूबों पर करणपुर की जनता ने पानी फेर दिया।

**पुलिस टीम के हत्थे** चढ़े चार आरोपी

# मेवात गैंग के बदमाशों ने एटीएम को काट कर लूटे थे 29 लाख रुपए



**बेधड़क** | सीकर

शहर की बजाज रोड पर 31 दिसंबर की रात को भारतीय स्टेट बैंक के एटीएम को काटकर 29 लाख रुपए निकालने की वारदात का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। सीकर पुलिस की विशेष टीम ने इस मामले का खुलासा करते हुए मेवात गैंग के चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है।

इन बदमाशों से वारदात में काम में ली गई दो गाड़ियां भी बरामद की गई हैं। इन्होंने गैस कटर की सहायता से एटीएम को काटकर इस पूरी वारदात को अंजाम दिया था। एसपी परिस देशमुख का ने बताया कि आरोपियों ने प्रदेश में और भी कई जगह इस तरह की वारदात को अंजाम दिया है, जिसको लेकर पूछताछ की जा रही है। उन्होंने बताया कि 31 दिसंबर की रात को करीब 2:30 बजे सीकर पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना मिली कि बजाज रोड पर स्थित एसबीआई के एटीएम के साथ कोई छेड़छाड़ कर रहा है। इस पर गश्त कर रही शहर कोतवाली पुलिस की टीम मौके पर पहुंची तो एटीएम में आग लगी हुई थी। पुलिस ने तुरंत दमकल को सूचना दी और आग बुझाई। आग बुझाने के बाद पता चला कि एटीएम को गैस कटर से काटकर रुपए चोरी किए गए हैं।

इसके बाद पुलिस के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और जिलेभर में नाकाबंदी करवाई गई, लेकिन बदमाशों का कोई सुराग नहीं लग पाया। सुबह जब बैंक के अधिकारी और एटीएम का संचालन करने वाली कंपनी के कर्मचारी पहुंचे तो पता लगा कि इस एटीएम से 29 लाख रुपए निकाले गए हैं। सीसीटीवी फुटेज से बदमाशों की पहचान के बाद मारूफ, विक्की सैनी, भूपेश सैनी और राहुल सैनी को गिरफ्तार किया है।

**कदमखंडी हनुमान मंदिर को** चोरों ने बनाया निशाना

# 200 किलो वजनी 50 घंटे चोरी

**बेधड़क** | धौलपुर

प्रदेश में सरकार परिवर्तन भले ही हो गया, लेकिन अपराधों का सिलसिला ज्यो का त्यो बना हुआ है। अपराधी कभी भी वारदातों को अंजाम देकर बेखोफ फरार हो जाते हैं। इससे पुलिस की कार्यशैली पर सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं।

ताजा घटनाक्रम के अनुसार सैपऊ थाना इलाके के कदमखंडी हनुमान मंदिर में सोमवार रात चोरों ने धावा बोल दिया। चोर यहां से पीतल के 50 घंटे उतार ले गए, जिनका वजन करीब 200 किलो बताया जा रहा है। मंदिर महंत कमलदास ने बताया कि रात करीब 1:30 बजे चोरों ने कदमखंडी हनुमान मंदिर में वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने हनुमान मंदिर एवं बाबू महाराज मंदिर में लगे करीब 50 घंटे को जंजीर काटकर जंजीर से निकाल लिया। पुजारी सुबह नित्य सेवा के लिए मंदिर पहुंचे तो घटना का पता चला।



### लगातार हो रही वारदातों से आक्रोश

कदमखंडी हनुमान मंदिर में हुई चोरी की घटना के बाद सैपऊ कस्बे सहित आस-पास के श्रद्धालुओं में आक्रोश है। श्रद्धालुओं का कहना है कि मंदिर में हुई चोरी की घटना से आस्था को ठेस लगी है। पुलिस और प्रशासन को शीघ्र मामले में कानूनी कार्रवाई करनी चाहिए। इलाके में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से पुलिस की कार्यशैली पर सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं।

**विपरीत दिशा में आने से बाइक सवार** हुए हादसे का शिकार

# कार और बाइक की भिड़ंत में दो की मौत

**बेधड़क** | बूंदी

जिले में सोमवार देर रात कार और बाइक की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार दो युवक गंभीर घायल हो गए, जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

इलाज के दौरान दोनों ने दम तोड़ दिया। हादसे की सूचना मिलते ही सदर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मौका मुआयना किया। पुलिस ने मंगलवार को मृतकों का पोस्टमॉर्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिए। इधर, हादसे के बाद कार ड्राइवर मौके पर वाहन छोड़कर फरार हो गया। मृतक के पिता की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज फरार कार ड्राइवर की तलाश में जुट गई है। बूंदी के सदर थानाधिकारी अरविंद भारद्वाज ने बताया कि यह हादसा सोमवार देर रात बूंदी के सदर थाना क्षेत्र के चित्तौड़ पुलिया पर हुआ। कार सवार युवक बूंदी टनल से कोटा की ओर जा रहे थे। वहीं बाइक सवार बूंदी से अपने गांव की ओर जा रहे थे। इसी दौरान बाइक सवार टनल घुमाव पर विपरीत दिशा में आ गए। ऐसे में सामने से आ रही तेज रफ्तार इनोवा कार से बाइक की भिड़ंत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि टक्कर के बाद कार और बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।



हादसे में बाइक सवार सियाणा निवासी प्रकाश बैरवा (60) और रामलाल बैरवा घायल हो गए। दोनों जिला अस्पताल लाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मंगलवार को मृतकों का पोस्टमॉर्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिए। पुलिस ने मृतक रामलाल के बेटे की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर इनोवा कार चालक की तलाश शुरू कर दी है।

**जलजीवन मिशन योजना से मिलेगा पानी**

# 293 करोड़ की राशि मंजूर, 179 गांवों की बुझेगी प्यास

**बेधड़क** | टोंक

जिले के 179 गांवों में पानी की परेशानी से जूझ रहे लोगों को अब जल्द ही राहत मिल सकेगी। इन गांवों में पेयजल व्यवस्था के लिए 293 करोड़ रुपए की स्वीकृति जारी हो चुकी है और इस दिशा में जल्द ही काम शुरू हो जाएगा। संभावना जताई जा रही है कि इन गांवों में इसी साल पानी भी पहुंच जाएगा।

पीपलू, टोडारायसिंह और मालपुरा ब्लॉक में जलजीवन मिशन योजना से वंचित रहे 179 गांवों को अब इस योजना के तहत लाभ मिलेगा और उनके घर तक पानी पहुंचेगा। इसके लिए पिछले दिनों 293.52 करोड़ की प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृति जारी हो चुकी है। जल्द इसका आगे काम शुरू होगा। यह बात जिले के दौरे पर आए पीएचईडी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने पूर्व जिला प्रमुख सत्यनारायण चौधरी के नेतृत्व में पेयजल समस्या से से अवगत कराने पर कही। चौधरी ने कहा कि भाजपा सरकार में जिले का विकास समुचित तरीके से किया जाएगा। आमजन की समस्याओं के निदान के लिए पूरी तत्परता से काम किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जो भी समस्याएं हैं उनका यथाशीघ्र समाधान किया जाएगा। आमजन को राहत देने के लिए सरकार ने सौ दिन की कार्य योजना तैयार करने का सभी विभाग को निर्देश दिया गया है। इसके तहत प्रमुख समस्याओं का निवारण करने के पूरे प्रयास किए जाएंगे।

### लोगों की ओर से जलदाय मंत्री के समक्ष समस्या रखने पर दी जानकारी



### रिपोर्ट तैयार कर भिजवाने के दिए निर्देश

पूर्व जिला प्रमुख ने बताया कि मंत्री चौधरी का स्वागत कर उन्हे पीपलू क्षेत्र में पानी की समस्या के बारे में बताया गया। वहीं मंत्री से आग्रह किया गया कि वंचित गांवों को जलजीवन मिशन योजना से जोड़ने के लिए टेंडर प्रक्रिया को जल्द पूर्ण करवाए। इस दौरान कैबिनेट मंत्री ने हाथों हाथ वहां मौजूद पीपलू के जेईएन सीताराम गोदारा से पीपलू क्षेत्र के जलजीवन मिशन से वंचित गांवों की जानकारी लेकर विस्तृत रिपोर्ट भिजवाए जाने के निर्देश दिए। साथ ही मंत्री ने कहा कि आने वाले 6 माह में सभी कार्यों का रिव्यू करते हुए तीव्र गति से पेयजल निदान का कार्य किया जाएगा।

### निविदा प्रक्रिया के बाद शुरू होगा कार्य

जेईएन सीताराम गोदारा ने बताया कि पीपलू, टोडारायसिंह और मालपुरा ब्लॉक के कुल 179 गांव जलजीवन मिशन योजना में जुड़ने से वंचित रह गए थे। इसमे पीपलू के 98, टोडारायसिंह के 55 और मालपुरा के 26 गांव शामिल हैं। इसको लेकर 293.52 करोड़ की प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृति मिल चुकी है। अब निविदा प्रक्रिया समय पर होने के बाद कार्य शुरू हो सकेगा। इसके तहत लोगों को अपने घरों में नल कनेक्शन की सुविधा मिल सकेगी।

**मदद का झांसा देकर** की वारदात

# बस में कंडक्टर ने लूटी महिला की अस्मत

**बेधड़क** | बयाना

भरतपुर में एक महिला से बस में रेप का मामला सामने आया है। कंडक्टर ने सोमवार देर रात जयपुर से भरतपुर जाते समय दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। पीड़िता ने आरोपी कंडक्टर के खिलाफ बयाना पुलिस थाने रिपोर्ट दर्ज करवाई है।

पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि बयाना निवासी एक महिला (30) ने रिपोर्ट में बताया कि वह सोमवार शाम भरतपुर जाने के लिए राजस्थान लोक सेवा परिवहन की बस में बैठी थी। बस जयपुर से बयाना पहुंची तो रात में भरतपुर जाने के लिए कोई गाड़ी नहीं मिली। महिला ने बस कंडक्टर से मदद मांगी कि उसे घर के लिए कोई साधन दिलवा दे। आरोपी ने मदद का भरोसा देकर वापस उसे बस में बैठा लिया। इसके बाद कंडक्टर ने रिको क्षेत्र में खड़ी बस में दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया और बाद में मौके से फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी जितेंद्र गुर्जर के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पीड़िता को मेडिकल जांच के लिए अस्पताल ले गई। बयाना थानाधिकारी सुनील कुमार ने बताया कि पीड़िता जयपुर से आई थी और भरतपुर जाना चाहती थी। मौके का फायदा उठाकर कंडक्टर ने दुष्कर्म किया। पुलिस ने कंडक्टर के साथ चालक को भी गिरफ्तार किया है और बस को जब्त कर लिया गया है।

### एशियन गेम्स-23 में गोल्ड लाने वाली नागौर की दिव्यकृति को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अर्जुन अवॉर्ड से नवाजा

# पापा ने दिए हौसलों के पंख, तो बेटी ने भरी अर्जुन अवॉर्ड तक उड़ान

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान के नागौर जिले के अंतिम छोर के गांव पीह की निवासी महिला घुड़सवार दिव्यकृति सिंह को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इस साल एशियन गेम्स में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित किया। हॉर्स राइडिंग में अर्जुन अवॉर्ड पाने वाली दिव्यकृति सिंह पहली महिला बन गई। मंगलवार को राष्ट्रपति भवन में हुए सम्मान समारोह में दिव्यकृति को अर्जुन अवॉर्ड से नवाजा गया। 2023 में हुए एशियन गेम्स में दिव्यकृति ने घुड़सवारी में 41 साल बाद गोल्ड जीतकर देश का मान बढ़ाया था।



### पापा ने बढ़ाया हौसला

दिल्ली विश्वविद्यालय से मनोविज्ञान में पीजी करने वाली दिव्यकृति सिंह घुड़सवारी ड्रेसाज टीम की सदस्य हैं। उनका जन्म जयपुर में हुआ है। दिव्यकृति ने दिल्ली विश्वविद्यालय के जीसस एंड मैरी कॉलेज से पढ़ाई करते हुए ऑस्ट्रिया,जर्मनी, वेलिंगटन फ्लोरिडा, संयुक्त राज्य अमेरिका, नीदरलैंड्स, बेल्जियम में घुड़सवारी की ट्रेनिंग ली। वे कहती हैं, मैं जब किसी चीज में इन्वॉल्व होती हूं तो फिर उसी में रम जाती हूं। पीजी के दौरान मैंने किसी भी प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लिया था। पिता ने मेरी काबिलियत को पहचाना और जर्मनी से घोड़ा मंगवाया। इसके बाद ही मैंने अपनी ट्रेनिंग पूरी की। भारत की घुड़सवारी टीम में बतौर सदस्य उन्होंने एशियन गेम्स में 41 साल लंबे सूखे को खत्म करते हुए देश के लिए गोल्ड जीता।

### घुड़सवारी जुनून था, एशियन गेम्स में हिस्सा लेना चाहत

परिवार के साथ जयपुर में रहने वाली दिव्यकृति ट्रेनिंग के सिलसिले में फिलहाल ऑस्ट्रिया रहती हैं। घोड़ों से जुड़ाव बचपन से ही रहा है क्योंकि उनके पिता विक्रम सिहं जयपुर के पोलो क्लब में पदाधिकारी हैं। वे बताती हैं, बचपन में सातवीं क्लास में पढ़ रही थी तब अजमेर के मेयो स्कूल में घुड़सवारी की शुरुआत हुई। तभी से हॉर्स राइडिंग मेरा पैशन बन गया। एशियाई खेलों में घुड़सवारी में पदक लाना मेरा बचपन का सपना रहा है। कई साल तक दिव्यकृति ने भारत के विभिन्न हॉर्स राइडिंग मुकाबलों में हिस्सा लिया। जूनियर और सीनियर घुड़सवारी प्रतियोगिताओं में भाग लेती रहीं और बेहतर ट्रेनिंग के लिए यूरोप शिफ्ट हो गईं और एक साल डेनमार्क और 2 साल जर्मनी में ट्रेनिंग ली।

### चुनौतियों का सामना करना जरूरी

वे बताती हैं, पीछे मुड़कर देखती हूं तो महसूस होता है कि सब कुछ इतना आसान नहीं रहा जितना दिखता है। कई बार ऐसा होता था जब मैं स्कोर नहीं कर पाती थी, सलेक्शन ट्रायल में दिक्कत आ रही थी। 2022 में नेशनल टीम के लिए ट्राई किया तो सलेक्शन नहीं हुआ। हमें खुद पर भरोसा बनाए रखने की सबसे ज्यादा जरूरत है। घुड़सवारी मेरा मेरा सपना था और पैशन भी। इसे ही अचीव करने के लिए आगे बढ़ती रही।

## Yuva स्टोरीज

### कॅरिअर पर फोकस बनाए रखें स्टूडेंट्स



बेधड़क | जयपुर।

कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय में मंगलवार को सेंटर फॉर कॅरिअर गाइडेंस, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट की ओर से पिरामल फाउंडेशन, दिल्ली के सहयोग से गांधी फैलोशिप प्रोग्राम- बी द चेंज यू विश टू सी इन द वर्ल्ड विषय पर प्री-प्लेसमेंट टॉक का आयोजन किया गया। टॉक शो में मुख्य वक्ता अवनीत कौर ने फैलोशिप की विशेषताओं पर बात करते हुए छात्राओं को पार्टिसिपेट करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि फैलोशिप के तहत छात्राओं को कुल 24,500 रुपए प्रतिमाह की राशि दी जाएगी। कार्यक्रम में उप-प्राचार्य (विज्ञान) डॉ. रंजना अग्रवाल ने कहा कि छात्राओं को अपने कॅरिअर और लक्ष्य के लिए फोकस बनाए रखना जरूरी है। टॉक में महाविद्यालय की 40 छात्राओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए सेंटर की संयोजक डॉ. आकांक्षा गंडा ने महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल व महाविद्यालय प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

### कम्युनिकेशन, कम्प्यूटिंग व नेटवर्किंग के लेटेस्ट ट्रेंड्स से अपडेट हो रहे हैं प्रतिभागी




**जयपुर।** पूर्णिमा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग की ओर से 'रीसेंट ट्रेंड्स इन कम्यूनिकेशन कंप्यूटिंग एंड नेटवर्किंग' विषय पर शॉर्ट टर्म ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया जा रहा है। वर्चुअली आयोजित प्रोग्राम में देश के विभिन्न कॉलेजों व यूनिवर्सिटीज के 200 प्रतिभागी शामिल हुए। भारत सरकार के संचार मंत्रालय के वरिष्ठ उपवायरलेस सलाहकार भागीरथ सिंह उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि थे। प्रोग्राम में प्रतिभागियों को कम्यूनिकेशन, कंप्यूटिंग और नेटवर्किंग में लेटेस्ट ट्रेंड्स की जानकारी दी जा रही है। प्रोग्राम न सिर्फ प्रतिभागियों के नॉलेज में बढ़ोतरी करेगा, बल्कि उन्हें तकनीकी नवाचारों के लिए भी सक्षम बनाएगा। पूर्णिमा ग्रुप के डायरेक्टर राहुल सिंघी समेत अन्य पदाधिकारियों ने इसमें हिस्सा लिया।

### सीए फाइनल और इंटरमीडिएट 2024 का परिणाम जारी, जयपुर के मधुर जैन ने किया टॉप

# दोस्त बने स्ट्रेस बस्टर तो छुआ सफलता का आसमान

बेधड़क | जयपुर

भारतीय सीए संस्थान नई दिल्ली द्वारा आयोजित सीए फाइनल और इंटरमीडिएट नवंबर 2024 की परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए गए। मंगलवार को घोषित नवंबर 2024 फाइनल के रिजल्ट के अनुसार पूरे भारत से 8650 सीए छात्र चार्टर्ड अकाउंटेंट बने हैं। सीए फाइनल में जयपुर के मधुर जैन ने पहला स्थान प्राप्त कर टॉप किया है।

उन्होंने 800 में से 619 अंक हासिल किए हैं। वहीं टिंकेंद्र कुमार सिंघल और ऋषि मल्होत्रा ने 590 अंक हासिल कर थर्ड रैंक हासिल की। जयपुर सेंटर से सीए फाईनल में मधुर जैन, टिंकेंद्र कुमार सिंघल, ऋषि मल्होत्रा के अलावा विनय मंगतानी, मानसी गुप्ता, तुषार जैन ने भी मैरिट में जगह बनाई है।

जयपुर सेन्टर से सीए इंटरमीडिएट से ऋषभ बंसल, जयंत भाटिया, तनिषा काबरा, केशव शर्मा, अर्नव अग्रवाल और ईशा अग्रवाल मैरिट में आए हैं। विनय मंगतानी ने 24वीं, मानसी गुप्ता ने 32वीं और तुषार जैन ने 45वीं रैंक हासिल की है। इसी तरह सीए इंटरमीडिएट में जयपुर के ऋषभ बंसल ने ऑल ओवर इंडिया सातवीं, जयंत भाटिया ने 34वीं, तनीषा काबरा ने 35वीं, केशव शर्मा ने 38वीं, अरनव अग्रवाल ने 45वीं और ईशा अग्रवाल ने 48वीं रैंक हासिल की है।



### ग्रुप 1 की फाइनल परीक्षा में 9.46 प्रतिशत उम्मीदवार पास हुए

आईसीएआई सीए ग्रुप 1 फाइनल परीक्षा में शामिल हुए कुल 65,294 स्टूडेंट्स में से केवल 6,176 स्टूडेंट्स ही क्वालिफाई कर पाए हैं। जो कि कुल परीक्षार्थियों का मात्र 9.46 प्रतिशत ही है। वहीं ग्रुप 2 के लिए सीए फाइनल नवंबर 2023 परीक्षा में कुल 62,679 उम्मीदवार परीक्षा में बैठे थे जिनमें से 13,540 स्टूडेंट्स पास हुए हैं। ग्रुप 2 की परीक्षा में कुल 9.42 प्रतिशत उम्मीदवार पास हुए हैं।



### सफलता के लिए सपने देखना जरूरी

ऑल ओवर इंडिया थर्ड रैंक हासिल करने वाले जयपुर के टिंकेंद्र कुमार सिंघल कहते हैं, मेरा लक्ष्य मुझे हर समय सचेत बनाए रखता था। मैंने सफलता हासिल करने के लिए 12-12 घंटे लगातार पढ़ाई की। इससे कई बार परेशान हो जाता था। लेकिन मेरे दोस्त मेरे स्ट्रेस बस्टर का काम करते थे। बोरियत होने पर मैं उनसे फोन से बात करके रिफ्रेश हो जाता था। मुझे लगता है कि जीवन में हर व्यक्ति के साथ प्रॉब्लम्स हैं, बस उनके टाइप अलग होते हैं। इसी से मुझे अपनी समस्या से बाहर आने में मदद मिली। मेरी बहनें भी सीए हैं और उनसे बात करके काफी मदद मिली। आगे के सफर के बारे में सोचा है कि कंसलटिंग में कॅरिअर बनाना है। सबकुछ अच्छा रहा तो खुद प्रैक्टिस करूंगा।

### कोरोना में खराब दौर से गुजरे ऋषि की बिगड़ गई थी तैयारी

थर्ड रैंक पर आए ऋषि बताते हैं, कोरोनाकाल में मेरे पिता और दादी की मौत हो गई थी। मैं मानसिक और भावनात्मक रूप से टूटा महसूस कर रहा था। वो बेहद मुश्किल दौर था मेरे लिए। एक तरफ मेरी सीए की तैयारियां चल रही थीं दूसरी ओर अपनों का यूं चले जाना मेरे लिए बेहद मुश्किल हालात पैदा कर गया। मेरी तैयारी पूरी तरह से बैकफुट पर आ गई थी। तब मां ने मुझे हौसला दिया और इस दुख से बाहर आने में मदद की। आज ये सफलता सिर्फ और सिर्फ उन्हीं की देन है। पापा के जाने के बाद सारी जिम्मेदारी मेरे कंधों पर आ गई थी। मैं अपने परिवार को अच्छे मुकाम पर लाना चाहता था, इसी लक्ष्य को ध्यान में रखकर मैंने अपना पूरा ध्यान बस पढ़ाई पर लगा दिया।

# 7 जुलाई को होगी नीट पीजी परीक्षा



बेधड़क | जयपुर

नीट पीजी 2024 के एग्जाम की डेट घोषित कर दी गई है। नीट पीजी की ये परीक्षा सात जुलाई 2024 को आयोजित की जाएगी। नीट पीजी परीक्षा एक नेशनल लेवल का टेस्ट है। इस टेस्ट के जरिए कई पीजी कोर्सेस जैसे एमडी, एमएस, पीजी डिप्लोगा कोर्सेस में कैंडिडेट को एडमिशन मिलता है।

राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (नीट पीजी) स्नातकोत्तर परीक्षा जुलाई के पहले सप्ताह यानी सात जुलाई को होगी। वहीं, काउंसलिंग अगस्त के पहले सप्ताह में आयोजित होंगे। नेशनल एग्जिट टेस्ट (नेक्स्ट) इस साल आयोजित इस साल आयोजित नहीं किया जाएगा। राष्ट्रीय चिकित्सा विज्ञान परीक्षा बोर्ड ने मंगलवार को कहा कि राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा के लिए पात्रता के लिए कट-ऑफ डेट 15 अगस्त है। यह परीक्षा पहले 3 मार्च को आयोजित होने वाली थी। उसे अब रीशेड्यूल्ड किया गया है। नीट एग्जाम को भारत में अभ्यास करने के लिए स्नातक मेडिकल छात्रों के लिए जरूरी लाइसेंस एग्जाम के तौर पर पेश किया गया है।

**इस साल नहीं होगा नेक्स्टः** इस साल नेशनल एग्जिट टेस्ट (NEXT) आयोजित नहीं किया जाएगा। नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेज ने इसकी घोषणा की है। हाल ही में अधिसूचित पोस्ट-ग्रेजुएट मेडिकल एजुकेशन रेगुलेशन, 2023 के अनुसार, मौजूदा एनईईटी-पीजी परीक्षा तब तक जारी रहेगी जब तक कि पीजी प्रवेश के उद्देश्य से प्रस्तावित नेशनल एग्जिट टेस्ट (NEXT) चालू नहीं हो जाता। एनईईटी-पीजी एक पात्रता-सह-रैंकिंग परीक्षा है जो राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग अधिनियम, 2019 के तहत विभिन्न एमडी/एमएस और पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए एकल प्रवेश परीक्षा के रूप में निर्धारित है।

बोर्ड ने बयान जारी करते हुए कहा है कि एनबीईएमएस नोटिस, दिनांक 09.11.2023 के हिसाब से 3 जनवरी, 2024 को एनएमसी पत्र की प्राप्ति के मुताबिक, नीट-पीजी 2024 परीक्षा, जिसे पहले 3 मार्च, 2024 को अस्थायी रूप से आयोजित करने के लिए अधिसूचित किया गया था, को पुनर्निर्धारित किया गया है। इसमें कहा गया, "नीट-पीजी 2024 अब 7 जुलाई 2024 को आयोजित होगी।

### काउंसलिंग योग्यता सूची पर आधारित होगी

भारत में चिकित्सा संस्थानों के लिए चिकित्सा में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में दाखिला सामान्य काउंसिलिंग केवल संबंधित परीक्षाओं की योग्यता सूची की बुनियाद पर होगी। सभी सीटों के लिए सभी राउंड की काउंसिलिंग राज्य या केंद्रीय काउंसिलिंग प्राधिकरण द्वारा ऑनलाइन आयोजित की जाएगी। नीट काउंसलिंग की प्रक्रिया अगस्त में शुरू होने की उम्मीद है। खास बात यह है कि इस बार किसी भी स्टूडेंट को काउंसलिंग के लिए ऑफलाइन उपस्थित नहीं होना होगा। सीट मैट्रिक्स में विवरण दर्ज करते वक्त, मेडिकल कॉलेजों के हर पाठ्यक्रम के लिए फीस की राशि का उल्लेख करना होगा, ऐसा न करने पर सीट की गिनती नहीं की जाएगी।

### 12 से शुरू होंगे प्रो कबड्डी लीग मैच



बेधड़क | जयपुर

प्रो कबड्डी लीग के मैच 12 जनवरी से 17 जनवरी तक एसएमएस इंडोर स्टेडियम में खेले जाएंगे। लगभग 4 साल बाद गुलाबी नगर में होने वाले इन मैचों के लिए गुलाबी नगर वासियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। प्रो कबड्डी लीग की वर्तमान डिफेंडिंग चैंपियन जयपुर पिंक पैंथर्स के मालिक एवं फिल्म अभिनेता अभिषेक बच्चन मैचों की तैयारी के लिए आज जयपुर पहुंचेंगे। पिंक पैंथर्स से अतुल पारीक ने बताया कि बच्चन सभी मैचों में टीम के उत्सावर्धन के लिए स्टेडियम में मौजूद रहेंगे।

**विमर्श** आदर्श स्कूलों के रूप में विकसित होंगे पीएमश्री विद्यालय

# गर्ल्स के विकास के लिए काम करेंगे मेंटोर शिक्षक

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश के स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 'टीचर मेंटोरशिप प्रोग्राम फोर गर्ल्स' की रूपरेखा तैयार की जा रही है। जिसका उद्देश्य सरकारी स्कूलों में में टीचर्स के माध्यम से बालिकाओं के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा की बातों पर फोकस करना है। केन्द्र सरकार द्वारा सभी राज्यों को इन विद्यालयों को विकसित करने के लिए कहा गया है, यह वर्तमान राज्य सरकार के संकल्प पत्र में भी प्राथमिकता है।



मंगलवार को शिक्षा संकुल में शासन सचिव नवीन जैन की अध्यक्षता में प्रदेश के पीएमश्री विद्यालयों को मिशन मोड में संचालित करने के संबंध में आयोजित बैठक में इस कंसेप्ट पर प्रारम्भिक चर्चा की गई। बैठक में इस प्रोग्राम की शुरूआत प्रदेश में प्रथम चरण में चयनित 402 पीएमश्री स्कूलों में से 346 सीनियर सैकेंडरी स्कूलों में करने के बारे में विचार विमर्श किया गया। इसके तहत इन स्कूलों में मेंटोर टीचर्स तैयार किए जाएंगे, जो बालिकाओं की सुरक्षा और स्वास्थ्य से जुड़े विषयों पर सेंसेटिव एप्रोच के साथ कार्य करेंगे।

जैन ने प्रोग्राम पर प्रजेंटेशन के दौरान कहा कि इस प्रोग्राम के अंतर्गत स्कूलों में बालिकाओं से किशोरावस्था, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा से जुड़ी बातों पर मेंटोर टीचर्स बालिकाओं से नियमित संवाद कर उनकी पढ़ाई और जीवन स्तर में सुधार के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। इस प्रोग्राम का लक्ष्य बच्चियों का स्कूल ड्राप आऊट रोकना, उनमें हैपीनेस बढ़ाना है। बैठक में टीचर मेंटोरशिप प्रोग्राम फोर गर्ल्स की शुरूआत पीएमश्री विद्यालयों से करते हुए इसे चरणबद्ध रूप से कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों एवं विवेकानंद मॉडल स्कूलों के बाद दूसरे सरकारी सीनियर सैकेंडरी स्कूलों में भी लागू करने पर चर्चा की गई।

बैठक में पीएमश्री विद्यालयों से संबंधित गतिविधियों की समीक्षा की गई। शासन सचिव ने इन विद्यालयों को आदर्श स्कूलों के रूप में विकसित करने के लिए स्कूल शिक्षा विभाग और समसा के अधिकारियों को साथ मिलकर एक टीम के तौर पर कार्य करने के निर्देश दिए।

बैठक में बताया गया कि प्रदेश के पीएमश्री विद्यालयों में हर बच्चे का रिकार्ड ट्रैक करते हुए लर्निंग आऊटकम को मॉनिटर करने, कॅरिअर काउंसलिंग, ग्रीन स्कूल तथा फिजिकल फिटनेस एवं योगा जैसी गतिविधियों की नियमितता पर कार्य किया जाना आवश्यक है। बैठक में स्कूल शिक्षा निदेशक आशीष मोदी, संयुक्त शासन सचिव किशोर कुमार सहित राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद के अधिकारी मौजूद रहे। वहीं आरएससीईआरटी सहित अन्य विभागीय अधिकारी वीसी से जुड़े।


# संवाद-संप्रेषण का सशक्त माध्यम है हिंदी



सुनील कुमार महला
स्वतंत्र टिप्पणीकार

सभी जानते हैं कि भाषा संवाद संप्रेषण का एक बहुत ही सशक्त व जोरदार माध्यम है। मनुष्य को इसलिए परमात्मा की श्रेष्ठ कृति कहा जाता है कि वह भाषा का उपयोग कर अपने भावों को अभिव्यक्त करने में सक्षम है। अन्य जीव मनुष्य की भांति भावों का बोलकर संप्रेषण नहीं कर सकते। दस जनवरी का दिन हिंदी की दृष्टि से हमारे देश के लिए अत्यंत विशेष है, क्योंकि विश्व हिन्दी दिवस प्रति वर्ष 10 जनवरी को मनाया जाता है। इसका उद्देश्य विश्व में हिंदी के प्रचार-प्रसार के लिए जागरूकता पैदा करना तथा हिन्दी को अन्तरराष्ट्रीय भाषा के रूप में पेश करना है। विदेशों में भारत के दूतावास इस दिन को विशेष आयोजनों के साथ मनाते हैं। सभी सरकारी कार्यालयों में विभिन्न विषयों पर हिन्दी में व्याख्यान एवं अनेक प्रकार के कार्यक्रम, संगोष्ठियां व सेमिनार आयोजित किए जाते हैं। विश्व में हिन्दी का विकास करने और इसे प्रचारित-प्रसारित करने के उद्देश्य से विश्व हिन्दी सम्मेलनों की शुरुआत की गई और प्रथम विश्व हिन्दी सम्मेलन 10 जनवरी 1975 को नागपुर में आयोजित हुआ तब से ही इस दिन को 'विश्व हिन्दी दिवस' के रूप में मनाया जाता है। जानकारी देना चाहूंगा कि हमारे देश के लिए 14 सितंबर का दिन विशेष है, क्योंकि इसी दिन हमारे देश की संविधान सभा द्वारा हिंदी को भारत की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया गया था। हिंदी भाषा अपने आप में खास और विशेष है। जानकारी मिलती है कि आज संसार में 6809 से अधिक भाषाएं और अनगिनत बोलियां हैं, जिसमें से एक भाषा हिंदी भी है। यह हमारे लिए हर्ष का विषय है कि हिन्दी संसार की दूसरी बड़ी भाषा है, जिसका उपयोग सर्वाधिक युवा आबादी करती है। हिन्दी का व्यक्तित्व इसकी वर्णमाला के कारण विराट है। हिंदी की खासियत है कि इसमें जैसा बोला जाता है, वैसा ही सुना जाता है और वैसा ही लिखा भी जाता है। हिंदी में सामर्थ्य की सुरभि है, सुगंध है,

**विश्व हिंदी दिवस आज**



> "संसार में 6809 से अधिक भाषाएं और अनगिनत बोलियां हैं, जिसमें से एक भाषा हिंदी भी है। यह हमारे लिए हर्ष का विषय है कि हिन्दी संसार की दूसरी बड़ी भाषा है, जिसका उपयोग सर्वाधिक युवा आबादी करती है। हिन्दी का व्यक्तित्व इसकी वर्णमाला के कारण विराट है।"

तभी शायद यह विश्व की सब भाषाओं से अलग और अनूठी है। आज देश में हिंदी के प्रयोग को पूर्ण रूप से व्यवहार में लाने के लिए समर्पित प्रयासों की आवश्यकता है। जिस प्रकार से सदियों के लंबे विरोध और संघर्ष के बाद अंग्रेजी इंग्लैंड में न केवल राजकार्य की भाषा बनी, बल्कि विश्व की संपर्क भाषा का भी रूपाकार ले सकी है, आने वाले समय में निश्चित ही हिंदी भी ऐसा ही स्थान ले सकेगी, क्योंकि हिंदी एक ऐसी भाषा है जिसकी अपनी एक विशिष्ट, दमदार, सरल, सुबोध शब्दावली है।

हिंदी वैज्ञानिकता का पुट लिए हुए ऐसी भाषा है जो आज न केवल हमारे देश में, बल्कि विदेशों में भी लगातार पल्लवित व पोषित हो रही है, क्योंकि आज हर कोई भारत देश की संस्कृति-सभ्यता व यहा की अनूठी परंपराओं, संस्कारों से रूबरू होना चाहता है। इसके लिए हिंदी का ज्ञान होना अति आवश्यक और जरूरी है। बिना हिंदी जाने, समझे कोई भी भारत जैसे बड़े राष्ट्र को नहीं समझ सकता है। हमारे देश के बड़े नेताओं अटल बिहारी वाजपेयी, सुषमा स्वराज ने वैश्विक मंचों पर हिंदी का गौरव और वर्चस्व स्थापित किया। वर्तमान में हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ऐसा कर रहे हैं। आज हिंदी की चमक-धमक हरेक जगह व स्थान पर है। सोशल नेटवर्किंग साइट्स से लेकर सिनेमा, व्यापार जगत कॉर्पोरेट वर्ल्ड, शिक्षा, चिकित्सा समेत कोई क्षेत्र आज ऐसा नहीं बचा होगा, जहां हिंदी का प्रयोग, उपयोग नहीं किया जाता होगा। हिंदी एक भाषा मात्र नहीं है, यह हमारे देश की आन-बान व शान है। हिंदी हमारी पहचान है, हिंदी हमारी संस्कृति है, हमारी सभ्यता है, हमारे संस्कारों में यह निहित है। हमें ज्यादा से ज्यादा हिंदी बोलनी चाहिए, पढ़नी चाहिए, सीखनी चाहिए और सिखानी भी चाहिए। हिंदी वैज्ञानिक शब्दावली लिए हुए बहुत ही दमदार भाषा है, जिसमें वैज्ञानिकता का, संस्कृति का, संस्कारों का पुट है।

हिंदी हमारा अभिमान है, यह हमारा स्वाभिमान है, हिंदी भारत के माथे की बिंदिया है जो अपने आप में मधुर है, सुरभि से ओतप्रोत है। हिंदी, सहज, सरल, सलोनी और सरस है। यह ज्ञान की खान है, ज्ञान का भंडार हिंदी में बहता है। हिंदी, हिंद देश की जान है। आज हिंदी का जादू सबके सिर चढ़कर बोल रहा है। विदेशी लोग हिंदी में रुचि ले रहे हैं और लगातार हिंदी सीख रहे हैं। हिंदी का वर्चस्व अमेरिका से लेकर फ्रांस, जर्मनी, चीन, इटली, जापान से लेकर संयुक्त राष्ट्र संघ तक में बढ़ा है। हमारे नेतागण हिंदी में भाषण देते हैं। हमारे यहां दुनियाभर के अखबार, पत्र-पत्रिकाएं हिंदी में निकलती हैं, प्रकाशित होती हैं। हिंदी में प्रचुर मात्रा में साहित्य उपलब्ध है। हिंदी का भारत संघ से सदियों से नाता रहा है। यह भाषा नहीं, बल्कि भाषा से बढ़कर है। हिंदी हमारे लिए प्रेरणा है, उत्साह है, नया जोश है। हिंदी में देश की एकता और अखंडता निहित है। दरअसल, हिंदी भारत के लिए एक चेतना है जो हमें हमेशा जगाए रखने का काम करती है। हिंदी में भाव है, अपनापन है। हिंदी स्नेह का सागर है। हिंदी हमें, हम सभी भारतवासियों को दैदीप्यमान करती है। हमारी वास्तविक पहचान हिंदी ही है क्योंकि- 'हिंदी है हम वतन है, हिंदोस्तां हमारा।(इकबाल)।' हिंदी न किसी की बैरी (दुश्मन) है और ना ही हिंदी में अलग होने का भाव ही मौजूद है। यह हमारी मातृभाषा है, हमारे देश की राजभाषा है, हमारे देश का असली गौरव है, जिस पर हम सीना तान कर गर्व कर सकते हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## संपूर्ण विपक्ष को खटक रहा है भव्य और विशाल मंदिर का निर्माण

# विपक्ष को सालता राम मंदिर का सूर्योदय



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ साहित्यकार
व पत्रकार

> "विनायक दामोदर सावरकर ने प्रखर हिंदुत्व और दीनदयाल उपध्याय ने एकात्म मानववाद एवं अंत्योदय के विचार दिए, जो संसाधनों के उपयोग से दूर अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति के उत्थान की चिंता करते हैं। मोदी का यह सांस्कृतिक विकास और पर्यटन अंतिम छोर पर खड़े इसी व्यक्ति की आर्थिक आमदनी बढ़ाने का काम कर रहे हैं। अतएव विपक्षी नेताओं की यह दलील थोथी है कि अर्थव्यवस्था और रोजगार की चिंता मोदी सरकार नहीं कर रही है।"



आखिरकार 30 दिसंबर को अयोध्या में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों सांस्कृतिक राष्ट्रवाद का सूर्योदय हो गया। 22 जनवरी को इसका निखार, यानी लालिमा अपने चरम बिंदु पर होगी, इस दिन रामलला अपनी जन्मभूमि पर दिव्य, भव्य और नव्य रूप में विराजित हो जाएंगे। भारतवासियों को यह दिन 550 साल की लंबी प्रतीक्षा और संघर्ष के बाद देखने को मिलेगा। 30 दिसंबर का दिन भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के लिए इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसी दिन 1943 में नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने अंडमान में आजादी का झंडा फहराकर देश की स्वतंत्रता का जयघोष कर दिया था। भव्य और विशाल मंदिर का निर्माण संपूर्ण विपक्ष को खटक रहा है, क्योंकि उसे अपने बचे-खुचे राजनीतिक अस्तित्व के तोते उड़ते दिखाई दे रहे हैं।

कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा ने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर सवाल खड़ा किया है कि क्या राम मंदिर ही देश का असली मुद्दा है? मंदिर से बड़े शिक्षा, रोजगार, महंगाई, स्वास्थ्य, वायु प्रदूषण और अर्थव्यवस्था के मुद्दे होने चाहिए। कांग्रेस नेता शशि थरूर ने राम मंदिर उद्घाटन को लेकर नरेंद्र मोदी और भाजपा पर निशाना साधा है। थरूर ने 14 फरवरी को मोदी के यूएई की राजधानी अबू धाबी में एक हिंदू मंदिर के उद्घाटन के लिए आमंत्रित करने की आलोचना की है। अपने ट्विटर हैंडल पर थरूर ने कहा है, 2024 में भाजपा अपने मूल संदेश पर लौटेगी और मोदी को हिंदू हृदय सम्राट के रूप में पेश करेगी। इसी साल के लोकसभा चुनाव में हिंदुत्व बनाम लोक-कल्याण को वास्तविक मुद्दा बना दिया जाएगा। माकपा के महासचिव सीताराम येचुरी ने राम मंदिर जाने के निमंत्रण को ठुकराते हुए मोदी द्वारा मंदिर उद्घाटन की आलोचना की है। येचुरी ने कहा है कि भाजपा राजनीतिक लाभ के लिए धार्मिक भावनाओं का दुरुपयोग कर रही है, जबकि संविधान में पंथनिरपेक्षता का अर्थ धर्म को राजनीति से अलग रखना है। मंदिर का उद्घाटन करना खुले रूप में धर्म का राजनीतीकरण है। केरल में कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ के घटक दल इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग ने भाजपा पर राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से राजनीतिक हित साधने का आरोप लगाया है। दल के महासचिव पीके कुन्हालीकुट्टी ने कहा है कि भाजपा की इस राजनीतिक पैंतरेबाजी को पहचानने की जरूरत है। सोनिया गांधी और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को उद्घाटन का आमंत्रण तो मिल गया है, लेकिन वे कार्यक्रम में जाने की दुविधा में हैं। इसी दुविधा ने कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दलों को हाशिए पर ला खड़ा किया है, जबकि इन्हें राम की प्रतिष्ठा को एक सांस्कृतिक-आध्यात्मिक पुनरुत्थान का आयोजन मानते हुए भागीदारी की जरूरत है।

इस राम-महोत्सव के साथ इसमें कोई दो राय नहीं कि अब भारत सांस्कृतिक-आध्यात्मिक राष्ट्रवाद की छाया में आगे बढ़ता दिखाई देगा। सनातन हिंदू संस्कृति ही अखंड भारत की संरचना का वह मूल गुण-धर्म है, जो इसे हजारों साल से एक रूप में पिरोये हुए है। इस एकरूपता को मजबूत करने की दृष्टि से भगवान परशुराम ने मध्यभारत से लेकर अरुणाचल प्रदेश के लोहित कुंड तक आतताइयों का सफाया कर अपना फरसा इसी कुंड के जल से धोया था, वहीं राम ने उत्तर से लेकर दक्षिण तक और कृष्ण ने पश्चिम से लेकर पूरब तक सनातन संस्कृति की स्थापना के लिए सामरिक यात्राएं कीं। इन्हीं यात्राओं से भारत का जनमानस सांस्कृतिक रूप से समरस हुआ। इसीलिए समूचे प्राचीन आर्यावर्त में वैदिक और रामायण व महाभारत कालीन संस्कृति के प्रतीक चिह्न मंदिरों से लेकर विविध भाषाओं के साहित्य में मिलते हैं। सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की इन्हीं स्थापनाओं ने दुनिया के गणतंत्रों में भारत को प्राचीनतम गणतंत्र के रूप में स्थापित किया। यहां के मथुरा, पद्मावती और त्रिपुरी जैसे अनेक हिंदू राष्ट्र दो से तीन हजार साल पहले तक केंद्रीय सत्ता से अनुशासित लोकतांत्रिक गणराज्य थे। केंद्रीय मुद्रा का भी इनमें चलन था, लेकिन भक्ति, अतिरिक्त उदारता, सहिष्णुता, विदेशियों को शरण और वचनबद्धता जैसे भाव व आचरण कुछ ऐसे उदात्त गुणों वाले दोष रहे, जिनकी वजह से भारत विडंबनाओं और चुनौतियों के ऐसे देश में बदलता चला गया कि विदेशी आक्रांताओं ने इन्हीं कमजोरियों को सत्ता पर काबिज होने का पर्याय मान लिया और वे भारत को परतंत्र बनाने में सफल भी हो गए। परंतु पिछले साढ़े नौ साल में न केवल देशव्यापी बल्कि भारतीय संदर्भ में विश्वव्यापी आश्चर्यजनक परिवर्तन देखने में आ रहे हैं। भारत पांचवीं अर्थव्यवस्था है और हरेक विकसित देश भारत का सहयोगी बनने को उत्सुक है।

मोदी के मंदिरों से जुड़े कायाकल्प केवल धार्मिक नहीं हैं, बल्कि वे अर्थव्यवस्था, आत्मनिर्भरता और स्व-रोजगार के साथ आधुनिक और वैज्ञानिक विकास को भी मजबूत धरातल दे रहे हैं। आयोध्या में साढ़े पांच सौ सालों से आहात सनातन सभ्यता को नई गरिमा मिली है। आयोध्या में सुनहरे क्षितिज का भविष्य लिखते हुए वाल्मीकि हवाई अड्डा बन गया है, जो देश ही नहीं दुनिया में रहने वाले हिदू धर्मावलंबियों के लिए राम दर्शन की यात्रा आसान करेगा और भारत में विदेशी मुद्रा आएगी, साथ ही आयोध्या में स्थानीय रोजगारों को बल मिलेगा। वाराणसी, उज्जैन और अन्य धार्मिक पर्यटनों को दृष्टिगत रखते हुए ही दुनिया के सबसे बड़े 1000 विमानों की खरीद के आदेश एयर इंडिया और इंडिगो ने दिए हैं। हवाई यातायात की यह तेज गति विकसित होते भारत की बानगी तो है ही राष्ट्रीय एकता की संवाद-शक्ति भी बन रही है। मोदी सरकार इसी क्रम में केदारनाथ और बदरीनाथ धाम का पुनर्विकास कर रही है।

नरेंद्र मोदी का यह आध्यात्मिक पुनर्जागरण का ऐसा उपाय है, जिससे स्वतंत्रता के बाद के सभी शासक कथित धर्मनिरपेक्षता आहत न हो जाए, इस कारण बचते रहे हैं, जबकि वाकई इन उपायों से ही भारत की संप्रभुता और अखंडता बहाल हुए हैं। जिनका 1400 साल पहले भारत भूमि पर इस्लाम के प्रवेश के बाद दमन होता चला आ रहा था। इस तलवार की धार से किए गए दमन का ही परिणाम था की लाखों हिंदू मुसलमान बन गए। किंतु, अब धारा बदल रही है। शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष वसीम रिजवी से लेकर दक्षिण की मलयालम फिल्मों के जाने-माने फिल्म निर्माता अली अकबर ने पत्नी सहित हिंदू धर्म अपना लिया है।

इन हस्तियों के धर्म परिवर्तन से आम मुस्लिमों में इस्लाम छोड़ने की मानसिकता बन रही है। इनके पहले इंडोनेशिया के पूर्व राष्ट्रपति की बेटी सुकमावती ने भी इस्लाम छोड़कर हिंदू धर्म अपना लिया था। नरेंद्र मोदी के वैश्विक आतंकवाद के विरोध में दृढ़ता से खड़े होने का ही नतीजा है कि दुनिया के लगभग पचास मुस्लिम राष्ट्रों में प्रमुख राष्ट्र सऊदी अरब में तबलीगी जमात और दावा की तकरीरों पर रोक लगा दी। यहां के इस्लामी मामलों के मंत्री डॉक्टर अब्दुल लातीफ-अल-शेख ने माना है कि इन दोनों संगठनों से जन्मा अल अहबाब नामक आतंकी संगठन है। जमाते-तबलीग की शुरुआत 100 साल पहले भारत से ही हुई थी, जिसका अब डेढ़ सौ से ज्यादा देशों में प्रभाव है। उस समय के प्रमुख आर्य समाजी नेता स्वामी श्रद्धानंद ने हिंदू से मुसलमान बने लोगों के घर-वापसी का अभियान चलाया था, इसी के जबाव में तबलीगी जमात खड़ी हुई थी।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

**व्यंग्य**

# लेखिका के पैर में मोच



मुकेश राठौड़
व्यंग्यकार

मोच का क्या है? वह कभी भी कहीं भी किसी के किसी भी अंग में आ सकती है। ऐसे ही एक दिन लेखिका के पैर में आ गई। मोच लेखक-लेखिका देखकर थोड़ी आती है। आप कहेंगे कि मोच आनी ही थी तो हाथ में आती, पैर में कैसे आ गई, क्योंकि लेखिका कोई पैरों से थोड़ी लिखती होगी? मालूम हो कि लेखिका केवल लिखती ही नहीं, वह नृत्य, गीत, संगीत वगैरह का भी शौक रखती है। अच्छा भी है। मेडिकल स्टोर में जनरल आइटम भी रख लिए जाए तो क्या बुरा!...तो हुआ यूं कि एक दिन लेखिका 'ऊंची नीची है डगरिया, पतली है मोरी कमरिया' गीत पर नृत्य करते हुए रील बना रही थी कि अचानक बाएं पैर में मोच आ गई। जैसे ही लेखिका ने मोच वाला पैर फेसबुक पर डाला, सोशल मीडिया में हड़कंप मच गया। कहने को यह मामूली घटना थी फिर भी यह मामूली नहीं थी, क्योंकि लेखिका के साथ घटी थी। वैसे दुर्घटना तो दुर्घटना होती है, मोच आने की हो या जान जाने की।

फेसबुक पर लेखिका की पोस्ट पर धड़ाधड़ लाइक और कमेंट आने लगे। किसी ने ओएमजी लिखा। किसी ने दुखद। किसी ने चिंता जताई "आप ठीक तो हैं न!" किसी ने लिखा ईश्वर का लाख-लाख शुक्र है जो फ्रैक्चर न हुआ। कोई दर्द निवारण के मंत्र टाइप करता नजर आया "ॐ नमो आदेश श्रीराम को देऊं मचक उड़ाई, उसके (लेखिका) तन से पीर तुरत भागि जाई।" बहुतों ने भांति-भांति की इमोजियां भेजी। देखते ही देखते साढ़े पांच सौ लाइक और लगभग इतने ही कमेंट पैर के नीचे आ गए।

लेखिका ने सारे कमेंट्स को लाइक करते हुए सबको धन्यवाद दिया। साथ ही, लिखा कि इस मोच की वजह से वह बहुत दिनों से कुछ लिख ही नहीं पाई। छपने का मन कर रहा है, लेकिन क्या करूं...! आप फिर कहेंगे कि लेखिका पैरों से थोड़ी लिखती है! तो ऐसा है भाई साहब दर्द कहीं भी हो, तो काम करने का मन नहीं होता। वह दौड़-दौड़ कर उधर ही जाता है। पढ़ते ही एक लेखक मित्र ने लेखिका को तुरंत इनबॉक्स संदेश भेजा कि आप ऐसी हालत में कैसे लिखेंगी! आप तो बस विषय दीजिए, मैं लिख भेजता हूं। विषय मिला 'लेखिका के पैर में मोच।' लेखक ने रतजगा कर सुप्रभात के साथ रचना लिखकर भेजी। लेखिका ने वैसे ही रचना अपने नाम से एक अखबार को भेज दी। वय से वृद्ध संपादक महोदय ने रचना का शीर्षक देखते ही पहले तो लेखिका के हालचाल जाने। लेखिका ने सिरीप हाल बताए, चाल तो किसी भी हाल में नहीं बता सकती थी। खैर, संपादक महोदय ने "लेखिका के पैर..." को संपादकीय स्पर्श देते हुए प्रकाशित किया।

रचना अखबार में प्रकाशित हुई तो मुझ जैसे एक लेखक ने बिन मांगे अखबार की कतरन मय बधाई लेखिका को भेजी। लेखिका ने मुझे आभार वाला इमोजी भेजे बगैर रचना अपनी फेसबुक वॉल पर चस्पा की। हालांकि विषय वही था 'लेखिका के पैर में मोच' लेकिन फेसबुक पर एक बार फिर धूम मच गई। किसी ने जबरदस्त और कलमतोड़ रचना कहा तो किसी ने लेखिका के पैर की मोच की तुलना परसाई जी की टूटी टांग से कर डाली। बहुतेरे तो पूर्ववत लेखिका के पैर की मोच की ही झाड़-फूंक करते नजर आए। अबकी बार लेखिका की इस पोस्ट पर लाइक-कमेंट साढ़े पांच सौ पार कर गए।

लेखिका ने फिर सबको धन्यवाद दिया। साथ ही, लिखा कि मित्रों गलती से एक मिस्टेक हो गई थी। एक्चुअली मोच दाएं पैर में आई थी, बट फोटो बाएं की चली गई। आई एम "सो सॉरी"। लेखिका के कमेंट पर फिर कमेंट शुरू हो गए। किसी ने लिखा डोंट वरी, तो किसी ने मैंने प्यार किया वाला "होता है होता है।"... तो बहुत से गंभीर टाइप के लेखकों ने जो अपनी व्यस्तता और बढ़ती उम्र के कारण फेसबुक पर कम ही लिखते हैं, लिखा जो भी हो मोच तो आखिरी मोच ही होती है, बाएं पैर में आए या दाएं में...।

उधर, मैं देखता हूं कि लेखिका के पैर के समानांतर एक लेखक की टूटी टांग भी फेसबुक पर कई दिनों से लहरा रही है लेकिन कोई सुध लेने वाला नहीं। लेखक की टांग बड़ी या लेखिका का पैर! मैं समझ नहीं पा रहा हूं।

## नॉलेज कॉर्नर: 1954 में पहली बार दिया गया यह पुरस्कार

# यूं हुई सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न की शुरुआत

भारत रत्न भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान है। यह किसी क्षेत्र में असाधारण और सर्वोच्च सेवा के लिए दिया जाता है। किसी भी भारतीय के लिए भारत रत्न मिलना उसके लिए सबसे बड़ा पुरस्कार होता है। इसकी शुरुआत 2 जनवरी, 1954 को तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने की थी। पहली बार यह सम्मान स्वतंत्र भारत के पहले गवर्नर जनरल चक्रवर्ती राजगोपालाचारी, पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन और वैज्ञानिक डॉ. चंद्रशेखर वेंकट रमन को दिया गया। यह सम्मान 26 जनवरी को दिया जाता है। इस सम्मान के महत्व को तो कई लोग जानते हैं। आज के नॉलेज कॉर्नर में विस्तार से जानते हैं इस पुरस्कार के बारे में...

### मिलती हैं ए खास सुविधाएं

भारत रत्न पुरस्कार में शख्स को कोई धनराशि नहीं मिलती, मगर इस सम्मान से और कई फायदे होते हैं। इनमें से एक है जीवनभर मुफ्त में हवाई यात्रा। जानकारी के मुताबिक, इस सम्मान को पाने वाले व्यक्ति को एयर इंडिया की एग्जीक्यूटिव क्लास में पूरी जिंदगी मुफ्त यात्रा की सुविधा मिलती है। भारत के भीतर किसी भी राज्य में यात्रा करते समय राजकीय अतिथि का दर्जा दिया जाता है। राज्य के मेहमानों को राज्य में स्वागत, परिवहन, भोजन और आवास की सुविधा प्रदान की जाती है। इसके साथ ही भारत रत्न पुरस्कार के विजेता डिप्लोमैटिक पासपोर्ट के हकदार होते हैं। डिप्लोमैटिक पासपोर्ट धारकों को विदेशों में एम्बेसी से लेकर यात्रा के दौरान कई प्रकार की सुविधाएं दी जाती हैं। इसके अलावा, उन्हें वीजा की जरूरत नहीं पड़ती और इमिग्रेशन की प्रक्रिया भी अन्य लोगों की तुलना में जल्दी हो जाती है। भारत सरकार तीन तरह के पासपोर्ट जारी करती है। एक पासपोर्ट नीले रंग का, जो आम नागरिकों को जारी किया जाता है।



देश के गवर्नमेंट ऑफिशियल को सफेद रंग का खास पासपोर्ट मिलता है। वहीं, भारतीय राजनयिकों और शीर्ष रैंकिंग वाले सरकारी अधिकारियों को मैरून कवर वाला डिप्लोमैटिक पासपोर्ट जारी किया जाता है।

### पदक और सनद पत्र

देश के राष्ट्रपति भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान देते हुए शख्स को दो चीजें देते हैं। एक होता है सनद (प्रमाणपत्र)। इस पर खुद राष्ट्रपति ने हस्ताक्षर किए होते हैं। दूसरी चीज होती है टोन्ड कांस्य का बना हुआ पदक। यह पदक पीपल के पत्ते के आकार का है। आगे की तरफ प्लैटिनम का चमकता सूर्य बना हुआ है। जिसके नीचे चांदी से हिंदी में भारत रत्न लिखा होता है। पीछे की तरफ अशोक स्तंभ बना हुआ है और उसके नीचे देश का आदर्श वाक्य – सत्यमेव जयते – लिखा होता है। सरकार की तरफ से जारी जानकारी के अनुसार एक भारत रत्न पदक और उसके बॉक्स सहित मिनिएचर की कुल लागत 2,57,732 रुपए है।

**इनकी होती है सिफारिश**

भारत रत्न के पुरस्कार के लिए किसी शख्स की सिफारिश स्वयं भारत के प्रधानमंत्री देश के राष्ट्रपति से करते हैं। इसके लिए किसी औपचारिक सिफारिश की जरूरत नहीं होती। इस सम्मान को पाने वाले नामों की घोषणा राष्ट्रपति की सहमति के बाद राष्ट्रपति सचिवालय करता है।

कंटेंट: कुलदीप सिंह जादौन



**भजनलाल शर्मा**, मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP
राजस्थान के प्रत्येक नागरिक को बिना किसी भेदभाव के केंद्र सरकार की समस्त लोक-कल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ पहुंचाने की दिशा में हमारी सरकार संकल्पबद्ध है।



**राहुल गांधी**, कांग्रेस नेता
@RahulGandhi
हम फिर आ रहे हैं देवालयों के बीच, अन्याय और अभद्रता के विरोध - 'न्याय की ललकार' लेकर। सत्य के इस पथ पर मेरी शपथ है, यात्रा जारी रहेगी, न्याय का हक, मुलाकात तक।

अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर ममता बनर्जी का भाजपा पर सियासी हमला

# नौटंकी कर रही भाजपा, मेरा लोगों को बांटने में विश्वास नहीं: ममता

एजेंसी | कोलकाता

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी पर सियासी हमला बोला है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले अयोध्या में राम मंदिर उद्घाटन के जरिए भाजपा नौटंकी कर रही है। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने दक्षिण 24 परगना जिले के जयनगर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि वह जनता को धार्मिक आधार पर बांटने में विश्वास नहीं रखतीं। उन्होंने कहा, मुझसे राम मंदिर को लेकर पूछा गया। मैं उन उत्सवों में विश्वास करती हूं जो सभी समुदायों के लोगों को साथ लेकर चलते हैं और एकता की बात करते हैं। आपको जो करना है करिए। भाजपा इसे (राम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा समारोह) अदालत के निर्देश पर कर रही है, लेकिन नौटंकी के तौर पर यह लोकसभा चुनाव से पहले किया जा रहा है। इससे मुझे कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन दूसरे समुदाय के लोगों की अवहेलना करना सही नहीं है। उन्होंने आगे कहा, मैं ईश्वर-अल्लाह की कसम खाकर कहती हूं कि जब तक मैं रहूंगी तब तक कभी हिंदू-मुसलमान में भेदभाव करने नहीं दूंगी।



### राम पर श्रद्धा, लेकिन राजनीति नहीं

तृणमूल कांग्रेस के प्रवक्ता कुणाल घोष ने कहा, मुझे नहीं पता कि उन्हें निमंत्रण आया है या नहीं, लेकिन मैं इतना जरूर जानता हूं कि मंदिर उद्घाटन में उनके शामिल होने का सवाल ही नहीं उठता। घोष ने यह भी कहा कि हालांकि तृणमूल प्रमुख भगवान राम की बहुत श्रद्धा से पूजा करती हैं, लेकिन पार्टी अपने राजनीतिक एजेंडे को पूरा करने के लिए भगवान राम के बारे में लोगों की भावनाओं का फायदा उठाने की भाजपा की रणनीति का समर्थन नहीं करती। घोष ने कहा कि भाजपा लोगों की भावनाओं का फायदा उठाकर आगामी लोकसभा चुनाव में अपनी नैया पार लगाने की कोशिश कर रही है। लेकिन हम उनके इस रुख का समर्थन नहीं करते। ज्ञात रहे कि तृणमूल कांग्रेस ने पहले ही कहा है कि सीएम ममता बनर्जी के राम मंदिर के उद्घाटन में शामिल होने की संभावना नहीं है।

### धर्म का राजनीतीकरण बंद करने का आह्वान

इससे पहले ममता बनर्जी ने चुनाव के दौरान धर्मों का राजनीतिकरण बंद करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि दुनिया भर के धर्म हिंसा की वकालत नहीं करते बल्कि करुणा, प्रेम और भाईचारे को बढ़ावा देते हैं। किसी का नाम लिए बिना तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने कहा, हमें सभी धर्मों का सम्मान करना चाहिए। दुनिया का कोई भी धर्म हमें हिंसा का प्रचार करना नहीं सिखाता। सभी धर्म हमें अधिक दयालु होना तथा प्रेम और भाईचारा फैलाना सिखाते हैं।

### न ममता ना पार्टी प्रतिनिधि होंगे शामिल

टीएमसी के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि ममता बनर्जी या टीएमसी के किसी अन्य प्रतिनिधि के अगले महीने अयोध्या में राम मंदिर उद्घाटन में शामिल होने का कोई सवाल ही नहीं है। माकपा के महासचिव सीताराम येचुरी ने भी अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन में शामिल होने का निमंत्रण ठुकरा दिया है।

## राहुल को रिलॉन्च करना चाहती है कांग्रेस: भाजपा



**नई दिल्ली।** भाजपा ने कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए मंगलवार को कहा कि इस पार्टी की अगामी भारत जोड़ो न्याय यात्रा का एकमात्र उद्देश्य राहुल गांधी को रिलॉन्च और रीब्रांड करना है। यह कांग्रेस पार्टी को पुनर्स्थापित करने का एक प्रयास है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने मंगलवार को कहा कि जिस तरह से वे तीन राज्य हार गए, ममता बनर्जी और अरविंद केजरीवाल को उन पर भरोसा नहीं है और मल्लिकार्जुन खरगे का नाम प्रस्तावित कर रहे हैं उससे यह लग रहा है कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा राहुल गांधी को फिर से लांच करने के लिए है। उन्होंने विपक्षी पार्टियों के बीच सीट-बंटवारे पर आम सहमति पर पहुंचने में विफल रहने पर कटाक्ष किया।

## अयोग्यता मामले में फैसले से पहले उद्धव गुट SC पहुंचा

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र में विधायकों की अयोग्यता के मामले में बुधवार को फैसला आने की संभावना के बीच शिवसेना के उद्धव ठाकरे गुट ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में एक हलफनामा दाखिल किया। उद्धव गुट ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और स्पीकर राहुल नार्वेकर की मुलाकात पर आपत्ति जताई है। हलफनामे में कहा गया है कि विधायकों की अयोग्यता पर फैसला सुनाने से पहले स्पीकर का सीएम से मिलना गलत है। कहा गया है कि 7 जनवरी को स्पीकर और सीएम की मुलाकात हुई थी। इससे पहले नार्वेकर और शिंदे की मुलाकात का जिक्र करते हुए उद्धव ठाकरे ने कहा कि 10 जनवरी को विधायकों की पात्रता और अपात्रता के फैसले पर इसका असर हो सकता है। हमने इसकी शिकायत की है। उद्धव ठाकरे ने आशंका जताई कि बुधवार को भी शायद फैसला न आए।

लोकसभा चुनाव: लखनऊ से दिल्ली तक बैठकों का दौर

# कांग्रेस व सपा ने की सीटों पर मंत्रणा, 12 को फिर होगी बैठक

■ सपा नेताओं ने बंद लिफाफों में सौंपे सुझाव और संभावित प्रत्याशियों के नाम

एजेंसी | लखनऊ/ नई दिल्ली

लोकसभा चुनावों के लिए सीटों के बंटवारे पर मंत्रणा में जुटी कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश में सीटों के बंटवार के सवाल पर मंगलवार को राजधानी नई दिल्ली में समाजवादी पार्टी के नेताओं के साथ मंत्रणा की। दूसरी ओर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने लखनऊ में पार्टी मुख्यालय में सपा प्रदेश मुख्यालय में विधायकों, पूर्व विधायकों व 2022 का विधानसभा चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों की बैठक में लोकसभा चुनाव की रणनीति पर चर्चा की।

सभी ने अपने-अपने क्षेत्र के लोकसभा चुनाव के दावेदारों के नाम और चुनाव को लेकर अपने सुझाव बंद लिफाफे में दिए। नई दिल्ली में कांग्रेस के साथ हुई बैठक के बाद सपा नेता राम गोपाल यादव ने कहा कि सभी सीटों पर चर्चा हुई। हमारी अगली बैठक 12 जनवरी को होगी। जल्द ही समझौता हो जाएगा। ज्ञात रहे कि समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश की 80 में से 65 सीटों पर चुनाव लड़ने का दावा कर चुकी है। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की हार के बाद सपा की दावेदारी और मजबूत हो गई थी

बसपा सुप्रीमो मायावती को लेकर रामगोपाल यादव ने कहा कि मैं पहले भी बहन जी के साथ समझौता कर चुका हूं। इससे पहले कांग्रेस ने सोमवार को आम आदमी पार्टी के नेताओं के साथ बैठक की थी। दूसरी ओर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को लखनऊ में कहा कि किसी का भगवान कोई भी हो किंतु हमारा भगवान तो पीडीए है। भाजपा सरकार पीडीए विरोधी है। यही पीडीए ही एनडीए को हराएगा।

### अखिलेश ने लखनऊ में पार्टी विधायकों व पूर्व विधायकों के साथ की मंत्रणा





### बड़ी लड़ाई के लिए देनी होती है कुर्बानी

अखिलेश ने विपक्षी गठबंधन इंडिया की चर्चा करते हुए विधायकों व पूर्व विधायकों से कहा कि कई बार बड़ी लड़ाई के लिए कुर्बानियां देनी पड़ती हैं। गठबंधन के प्रत्याशियों को जिताने के लिए सभी को पूरी ताकत से जुटना होगा। उन्होंने अपने साथियों से कहा कि जितना वोट उन्हें पहले मिला था, उससे ज्यादा वोट इस बार सपा व गठबंधन के प्रत्याशियों को दिलाएं। हमें उम्मीद है कि आने वाले समय में उत्तर प्रदेश से भाजपा का सफाया होगा।

### किसानों की आय बढ़े तभी भारत खुशहाल

अखिलेश ने कहा कि भाजपा लगातार इस बात का प्रचार कर रही है कि विकसित भारत बनेगा, क्या विकसित भारत किसानों की आय बढ़े बिना बन जाएगा? देश की अर्थव्यवस्था तभी बेहतर होगी जब किसान और गरीब खुशहाल होगा। समाजवादियों को जब मौका मिलेगा तो देश व प्रदेश के नौजवानों को सम्मान का रोजगार दिलाएंगे। अखिलेश ने आगे कहा कि उत्तर प्रदेश में जो एमओयू हुए थे क्या वो जमीन पर आ रहे हैं, क्या इंसेंटिव देने के लिए बजट में व्यवस्था की गई थी? समाजवादियों को खुशी तभी होगी जब गरीब के बेटे को नौकरी मिलेगी।

### मौर्य के बयानों को लेकर शिकायत

बैठक में स्वामी प्रसाद मौर्य के बयानों का मुद्दा फिर उठा। सूत्रों के मुताबिक बैठक में कई विधायकों ने स्वामी प्रसाद मौर्य के विवादित बयानों को लेकर अखिलेश से शिकायत की। अपने विधायकों की बात सुनकर अखिलेश ने ऐसी बातें दोबारा न होने का आश्वासन दिया।

### हमें न्यायालय पर है पूरा भरोसा

बिलकिस बानो के मुद्दे पर अखिलेश ने कहा कि हमें भाजपा पर भरोसा नहीं है लेकिन न्यायालय पर पूरा भरोसा हैं। सपा नेता आजम खां, इरफान सोलंकी व रमाकांत यादव को भाजपा सरकार ने झूठे मुकदमों में फसाया है। हमें भरोसा है सबको न्याय मिलेगा।

### अनजान से निमंत्रण नहीं करते स्वीकार

अखिलेश ने राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के निमंत्रण मिलने के प्रश्न पर कहा कि हम जिन्हें जानते नहीं हैं, उन्हें न तो निमंत्रण देते हैं और न ही स्वीकार करते हैं।

नौकरी के बदले जमीन घोटाला

## ED ने किया आरोपपत्र दाखिल, राबड़ी व मीसा भारती के नाम शामिल



एजेंसी | नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय ने रेलवे मेंनौकरी के बदले जमीन से संबंधित धन शोधन मामले में मंगलवार को अपना पहला आरोपपत्र दाखिल किया, जिसमें बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और उनकी सांसद बेटी मीसा भारती, हिमा यादव, हृदयानंद चौधरी और अमित कत्याल का नाम शामिल है। इसके अलावा आरोपपत्र में दो कंपनी के नाम भी शामिल हैं। सूत्रों ने बताया कि आरोपपत्र दिल्ली में विशेष धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) अदालत के समक्ष दायर किया गया है। अदालत ने मामले की सुनवाई 16 जनवरी को निर्धारित की है। ईडी का इस मामले पहला आारोपपत्र है जबकि सीबीआई 3 आरोपपत्र दाखिल कर चुकी है। ईडी ने कोर्ट में बताया कि राबड़ी देवी, मीसा भारती, हेमा यादव और हृदयानंद चौधरी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। इसके अलावा ईडी ने कोर्ट में ये भी बताया कि इस मामले में जांच अभी जारी है और आगे पूरक आरोपपत्र दाखिल किया जाएगा। केंद्रीय जांच ब्यूरो की ओर से दायर एक प्रारंभिक शिकायत के बाद ईडी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की आपराधिक धाराओं के तहत मामले की जांच करनी शुरू की। ज्ञात रहे कि ईडी ने इस मामले में कात्याल को पिछले साल नवंबर में गिरफ्तार किया था, जबकि लालू प्रसाद यादव और उनके बेटे एवं बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को समन जारी किया था, लेकिन वे अभी तक पूछताछ में शामिल नहीं हुए हैं।

### ये हैं आरोप

आरोप है कि 2004 से 2009 तक कई लोगों को भारतीय रेल के विभिन्न जोन में 'ग्रुप डी' के पदों पर नियुक्त किया गया और इसके बदले में इन लोगों ने अपनी भूमि तत्कालीन रेल मंत्री लालू प्रसाद एवं ए.के. इंफोसिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड को हस्तांतरित की थी।

महाराष्ट्र में सीटों के बंटवारे पर हुआ मंथन

## प्रकाश अंबेडकर इंडिया में होंगे शामिल: राउत

एजेंसी | नई दिल्ली

महाराष्ट्र में सीटों के बंटवार को लेकर विपक्षी गठबंधन इंडिया ने मंगलवार को यहां मंथन किया। बैठक में उद्धव ठाकरे की शिवसेना, कांग्रेस और शरद पवार नीत राकांपा के नेता शामिल हुए। बैठक के बाद शिवसेना सांसद संजय राउत ने कहा कि सीटों के बंटवारे को लेकर महत्वपूर्ण बैठक हुई। सभी सीटों पर बात हो गई है। प्रकाश की पार्टी को गठबंधन में शामिल करेंगे। अंबेडकर की पार्टी वंचित महा अघाड़ी ने अभी तक गठबंधन में शामिल होने का ऐलान नहीं किया है। महाराष्ट्र में लोकसभा की कुल 48 सीटें हैं।



### पिछले चुनाव में भाजपा व उद्धव थे साथ

2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी। भाजपा को महाराष्ट्र की 48 सीटों में से 23 सीटों पर जीत हासिल की थी। उस समय उद्धव ठाकरे और भाजपा ने मिलकर चुनाव लड़ा था। वहीं, अविभाजित शिवसेना दूसरे नंबर की पार्टी थी। शिवसेना को 18 सीटों पर जीत हालिल हुई थी।

### विपक्षी गठबंधन की दलित वोटों पर नजर

प्रकाश अंबेडकर , बाबा साहब भीमराव आंबेडकर के पोते हैं। सूत्रों के अनुसार इंडिया गठबंधन प्रकाश अंबेडकर को साथ लेना चाहती है क्योंकि उसकी नजर दलित वोटों पर है। सूत्रों के मुताबिक, प्रकाश अंबेडकर को इंडिया गठबंधन में दो सीटें मिल सकती हैं. हालांकि, अभी तक सीटों का ऐलान नहीं हुआ है। सूत्रों की मानें तो शिवसेना और कांग्रेस बराबर-बराबर 20-20 सीटों पर लड़ सकती हैं। शरद पवार नीत राकांपा को छह सीटें मिल सकती हैं।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा




*कछार। विकसित भारत संकल्प यात्रा मंगलवार को असम के कछार जिले में पहुंची। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग पहुंचे।*

एमपी: विधानसभा सदस्यों का प्रबोधन कार्यक्रम

# 'कानून सही तो विपक्ष सहयोग करे, सही नहीं तो करनी चाहिए चर्चा'

एजेंसी | भोपाल

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि नियोजित तरीके से सदन में व्यवधान पैदा करने की नई परंपरा चल पड़ी है, यह लोकतंत्र के लिए अच्छी नहीं है।

कानून सही है तो विपक्ष को सहयोग करना चाहिए। अगर सही नहीं है तो चर्चा करनी चाहिए। कानून बनाते समय तर्कों से चर्चा करें तो कानून बेहतर होगा। उन्होंने कहा कि कोई अध्यक्ष नहीं चाहता है कि सदस्यों का निलंबन हो पर सदन की गरिमा और मर्यादा को बनाया रखना जरूरी है।

बिरला ने मंगलवार को भोपाल में मध्य प्रदेश विधानसभा के सदस्यों के दो दिवसीयप्रबोधन कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने संसद और विधानसभाओं की घटती बैठकों पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि देशभर की विधानसभाओं में शालीनता का स्तर गिरता जा रहा है, यह बड़ी चिंता का विषय है।

आजकल विधायकों की रुचि देश और प्रदेश के विषयों में कम होती जा रही है। उन्होंने कहा कि संक्षिप्त सवाल पूछने से ज्यादा जवाब मिलते हैं। उन्होंने कहा कि जनता बड़ी अपेक्षा से जनप्रतिनिधि चुनकर संसद या विधानसभाओं में भेजती है। लोकतंत्र हमारी संस्कृति, परंपरा और सामाजिक ताने-बाने में है। जिस तरीके से हमारे यहां निष्पक्षता से चुनाव कराए जाते हैं, उस पर पूरी दुनिया आश्चर्य करती है।

वर्ष 2001 में सभी विधानसभाओं के अध्यक्ष और दलों के नेताओं ने सदन की बैठकें कम होने और गिरती गरिमा पर चिंता जताई थी।

इस सत्र में बिरला के अलावा विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, उप्र विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने भी अपने विचार रखे।




### जोश दिखे पर, होश से नियंत्रित हो: तोमर

विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि आज चलन सदन में चिल्लाकर बोलने का हो गया है। यह समझा जाता है कि इससे लोग उन्हें अच्छा समझेंगे। सदन में बात रखते समय जोश दिखना चाहिए पर वह होश से नियंत्रित हो। उन्होंने मंच से ही मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव से अनुरोध किया कि ई-विधान परियोजना को मंजूरी दी जाए और विधायक विश्रामगृह पुराना हो चुका है। विधायकों की आवश्यकता के अनुसार नवनिर्माण आवश्यक है।

### सदन चलाने की जिम्मेदारी पक्ष-विपक्ष दोनों की

बिरला ने कहा कि प्रत्येक पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन में सत्र की बैठकें बढ़ाने पर चर्चा होती है। सदन सुचारू ढंच से चले, इसकी जिम्मेदारी पक्ष और प्रतिपक्ष, दोनों की है। जितने अधिक सत्र होंगे, उतनी पारदर्शिता सरकार में आएगी। सदन में कानून बनते हैं, कानून सही हो तो विपक्ष को इसमें सहयोग देना चाहिए। उन्होंने कहा कि विधानसभा राज्य की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक संस्था है। इसका इस्तेमाल कैसा होगा, यह सदन के सदस्यों पर निर्भर करता है। विधायक अपने क्षेत्र में लोकप्रिय हो सकता है, लेकिन विधानसभा एक ऐसा मंच है, जिससे विधायक प्रदेश का नेता बन सकता है। देश में जितने बड़े नेता बने हैं, वे इन सदनों की चर्चा से ही बड़े बने हैं। उन्होंने हर विधानसभा में एक रिसर्च सेल बनाने की बात भी कही।

### प्रदेश की बेहतरी का दायित्व भी हमारा: मुख्यमंत्री यादव

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पहली बार लोकतंत्र के मंदिर संसद की चौखट पर अपना सिर झुकाकर जो अहसास हमें कराया है उससे बड़ा प्रबोधन आज के लोकतंत्र का नहीं हो सकता है। लोकसभा हो या विधान सभा हम मतदाताओं का मान, सम्मान, भाव एवं विश्वास लेकर आते हैं। अपने क्षेत्र के साथ-साथ प्रदेश की बेहतरी का दायित्व भी हमारा होता है। मप्र के सीएम ने कहा कि एमपी विधानसभा को ई विधानसभा बनाया जाएगा।

## पधारो सा...यूएई के राष्ट्रपति की अगवानी करते पीएम मोदी



*अहमदाबाद। प्रधानमंत्री ने मंगलवार को संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के अहमदाबाद पहुंचने पर उनका स्वागत किया। नाहयान वाइब्रेंट गुजरात सम्मेलन में भाग लेने आए हैं। वे सम्मेलन में मुख्य अतिथि होंगे।*

### जरूरी खबर

## दावोस में बैठक में जाएंगे ईरानी, वैष्णव व पुरी

**नई दिल्ली।** विश्व आर्थिक मंच की पांच दिवसीय वार्षिक बैठक 15 से 19 जनवरी तक होगी। इसमें साठ से ज्यादा देशों और सरकारों के प्रमुखों सहित दुनियाभर के 2,800 से ज्यादा नेता दावोस में मिलेंगे। इससे पहले डब्ल्यूईएफ के प्रमुख बोरगे ब्रेंडे ने कहा कि बैठक बहुत जटिल और सबसे चुनौतीपूर्ण भू-राजनीतिक और आर्थिक परिदृष्य में होगी। 'रिबिल्डिंग ट्रस्ट' की थीम के तहत होने वाली इस वार्षिक बैठक में भारत के लगभग 100 सियासी और व्यापारिक नेता भी भाग लेंगे। भारतीय प्रतिनिधिमंडल में तीन केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, अश्विनी वैष्णव और हरदीप सिंह पुरी के साथ-साथ तीन मुख्यमंत्री महाराष्ट्र के एकनाथ शिंदे, तेलंगाना के रेवंत रेड्डी और कर्नाटक के सिद्धारमैया शामिल होंगे। बैठक में 40 से ज्यादा वित्त मंत्री और 16 केंद्रीय बैंक के गवर्नर भी भाग लेंगे।

## झारखंड: अनुमति के बिना समन का जवाब नहीं

**रांची।** झारखंड झारखण्ड कैबिनेट ने एक नए एसओपी को मंजूरी दी हैं, जिसके तहत राज्य सरकार के अधिकारियों को किसी बाहरी जांच एजेंसियों द्वारा मिलने वाले समन का जवाब देने के लिए राज्य सरकार की अनुमति लेनी होगी। कैबिनेट फैसले के मुताबिक, सरकारी अधिकारियों को कोई केंद्रीय जांच एजेंसी समन देती है तो उन्हें अपने विभाग के बड़े अधिकारी को सूचित करना होगा। विभाग के प्रमुख यह जानकारी मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग को देंगे।

## DRDO ने लॉन्च की स्वदेशी असॉल्ट राइफल 'उग्रम'




**नई दिल्ली।** रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन ने सोमवार को 7.62 x 51 मिमी कैलिबर की एक अत्याधुनिक,स्वदेशी असॉल्ट राइफल 'उग्रम' लॉन्च की है। एक निजी कंपनी के साथ मिलकर डीआरडीओ ने इस राइफल को डिजाइन, विकसित और निर्मित किया है। इस राइफल को सशस्त्र बलों, अर्धसैनिक बलों और राज्य पुलिस इकाइयों की परिचालन आवश्यकताओं के लिए डिजाइन किया गया है। सोमवार को पुणे में डीआरडीओ के आर्मामेंट और कॉम्बैट इंजीनियरिंग सिस्टम के महानिदेशक डॉ. शैलेन्द्र वी गाडे ने इस राइफल का अनावरण किया।

## ईडी पर हमले के मामले में प.बंगाल से मांगा जवाब



**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना में जिले में प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों पर हाल में हुए हमले के संबंध में केंद्रीय गृह मंत्रालय ने राज्य सरकार से रिपोर्ट मांगी है। इस घटना को लेकर राज्य में सत्तारूढ़ टीएमसी और विपक्षी दल बीजेपी के बीच वार-पलटवार हो रहा है। राज्य सरकार के कुछ मंत्रियों ने यह जताने की कोशिश की है कि 5 जनवरी की घटना जन आक्रोश के कारण हुई। ज्ञात रहे कि 5 जनवरी को ईडी की टीम राज्य की राशन प्रणाली में कथित अनियमितताओं के संबंध में संदेशखाली में तृणमूल कांग्रेस के नेता शाहजहां शेख के आवास पर छापेमारी करने पहुंची थी। तभी शेख के सैकड़ों समर्थकों ने उस पर हमला कर दिया। इस हमले में ईडी के तीन अधिकारी घायल हो गए थे।

### वाइब्रेंट गुजरात समिट आज से, ग्लोबल ट्रेड शो शुरू

# मोदी-यूएई के प्रेसिडेंट का रोड शो 2 अरब डॉलर का निवेश संभव

**एजेंसी** | अहमदाबाद

गुजरात की राजधानी अहमदाबाद में बुधवार से शुरू हो रहे वाइब्रेंट गुजरात समिट में भाग लेने के लिए संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान मंगलवार शाम अहमदाबाद पहुंचे। पीएम नरेंद्र मोदी ने यूएई के राष्ट्रपति की आगवानी की। बाद में दोनों नेता एक रोड शो में शामिल हुए।

बाद में दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय बैठक हुई। इस दौरान कई समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने पोस्ट साझा करते हुए कहा कि दोस्ती के मजबूत बंधन की पुष्टि करते हुए एक विशेष भाव में पीएम मोदी ने अहमदाबाद एयरपोर्ट पर पहुंचने पर यूएई के राष्ट्रपति का गर्मजोशी से स्वागत किया। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल ट्रेड शो का उद्घाटन किया।



### पीएम मोदी करेंगे समिट का उद्घाटन

पीएम मोदी बुधवार को गांधीनगर में वाइब्रेंट गुजरात समिट 2024 का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद वह शीर्ष वैश्विक कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। समझा जाता है कि अपार व्यावसायिक संभावनाओं के साथ नेटवर्किंग और ज्ञान साझा करने का यह मंच लाखों अवसर पैदा करेगा। यह कार्यक्रम 13 जनवरी तक जारी रहेगा।

### गले मिले, साथ साथ चले

पीएम मोदी ने राष्ट्रपति अल नाहयान को अहमदाबाद में हवाई जहाज से उतरते ही गले लगाया और फिर रेड कारपेट पर एक दूसरे का हाथ पकड़कर आगे बढ़े। पिछले साल जुलाई में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यूएई की यात्रा के दौरान दोनों देश रुपए और दिरहम में कारोबार करने का ऐलान किया था। इसके अलावा आबूधाबी में आईआईटी बनाने पर भी सहमति बनी थी। यूएई गुजरात के न्यू एनर्जी में 2 बिलियन डॉलर का भी निवेश करेगा। यूएई में करीब 35 लाख भारतीय रहते हैं।

### व्यापार बुलंदियों पर पहुंचने की संभावना

भारत और यूएई के बीच द्विपक्षीय व्यापार के नई ऊंचाइयों पर पहुंचने की संभावना है। भारत यूएई से क्रूड ऑयल आयात करता है। यूएई पिछले फाइनेंशियल ईयर में भारत में तेल निर्यात करने वाला तीसरा बड़ा देश रहा। भारत के तेल आयात में यूएई की हिस्सेदारी 10 फीसदी है। तेल के अलावा दोनों देशों के बीच 85 अरब डॉलर का कारोबार होता है। अब दोनों देश इस कारोबार को 100 अरब डॉलर करने की ओर बढ़ रहे हैं। समिट में यूएई रिन्यूबल एनर्जी, फूड पार्क में निवेश के समझौतों को मंजूरी देगा।

### लक्षद्वीप को लेकर अहम योजना

## बनेगा नया हवाई अड्डा फाइटर जेट होंगे तैनात

**एजेंसी** | नई दिल्ली

पिछले सप्ताह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यात्रा के बाद से खासतौर से चर्चा का केंद्र बने लक्षद्वीप के मिनिकॉय द्वीप समूह में केंद्र सरकार की एक नया एयरपोर्ट विकसित करने की योजना है। यहां पर ड्यूल परपज एयरफील्ड होगा। इस एयरपोर्ट से वाणिज्यिक विमानों के साथ-साथ लड़ाकू जेट विमानों को भी संचालित किया जा सकेगा। इससे देश की रणनीतिक ताकत बढ़ेगी।

ज्ञात रहे कि पीएम मोदी के हाल ही के लक्षद्वीप दौरे के बाद पड़ोसी देश मालदीव के मंत्रियों द्वारा पीएम मोदी पर आपत्तिजनक टिप्पणी से दोनों देशों के बीच राजनयिक खटास पैदा हो गई है। सूत्रों ने बताया कि पहले भी मिनिकॉय द्वीप समूह में इस नए हवाई क्षेत्र को विकसित करने के लिए सरकार के पास प्रस्ताव भेजे गए हैं। संयुक्त उपयोग वाले रक्षा हवाई क्षेत्र की इस योजना को हाल



के दिनों में दोबारा शुरू किया गया है और अब तेजी से इसकी प्रगति की जा रही है।सूत्रों के अनुसार लक्षद्वीप में नया हवाई अड्डा बनने से देश को सैन्य दृष्टि से काफी लाभ मिलेगा।

इससे नौसेना और वायुसेना के लिए हिंद महासागर और अरब सागर में ऑपरेशन करना ज्यादा आसान हो जाएगा. साथ ही चीन की बढ़ती गतिविधियों पर रोक लगाने का मौका भी मिलेगा।

इस हवाई अड्डे का उपयोग अरब सागर और हिंद महासागर क्षेत्र पर नजर रखने के लिए किया जा सकता है। भारतीय तटरक्षक ने मिनिकॉय द्वीप समूह में हवाई पट्टी के विकास का सुझाव दिया था।

### आरोपी महिला छह दिन की पुलिस हिरासत में

## स्टार्टअप कंपनी की सीईओ चार वर्षीय बेटे की हत्या के आरोप में गिरफ्तार

**एजेंसी** | मुंबई

पणजी। गोवा पुलिस ने बेंगलुरु की एक स्टार्टअप की सीईओ सूचना सेठ को अपने चार वर्षीय बेटे की हत्या के आरोप में सोमवार रात कर्नाटक के चित्रदुर्ग जिले से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी मां को मंगलवार को गोवा के मापुसा की एक अदालत ने छह दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है। आरोप है कि सोमवार को उत्तरी गोवा के कैंडोलिम में एक सर्विस अपार्टमेंट में अपने चार वर्षीय बेटे



की हत्या करने के बाद उसका शव एक बैग में रखकर वह कर्नाटक भाग गई थी। पुलिस के अनुसार, आरोपी महिला सूचना सेठ छह जनवरी को अपने बेटे के साथ उत्तरी गोवा के कैंडोलिम में एक किराए के फ्लैट पर पहुंची थी और दो दिनों तक वहां रहने के बाद सोमवार को टैक्सी से बेंगलुरु चली गई। सेठ के अपार्टमेंट छोड़ने के बाद हाउसकीपिंग स्टाफ सफाई करने गया तो वहां खून के धब्बे मिले। फ्लैट के कर्मचारियों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिसमें कथित तौर पर सूचना सेठ को अपने बेटे के बिना सर्विस अपार्टमेंट से बाहर निकलते हुए देखा गया। होटल कर्मचारियों ने पुलिस को बताया कि जब सूचना टैक्सी से बेंगलुरु के लिए रवाना हुई थी। गोवा पुलिस के अलर्ट के आधार पर, सूचना सेठ को कर्नाटक के चित्रदुर्ग जिले के ऐमंगला पुलिस स्टेशन में हिरासत में लिया गया था। पुलिस ने महिला के बैग की तलाशी ली तो उसमें से बच्चे का शव बरामद हुआ। बाद में गोवा पुलिस की टीम उसे लेकर गोवा आ गई।

## खिलाड़ियों को किया सम्मानित



*नई दिल्ली। साल 2023 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को मंगलवार को खेल रत्न और अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने क्रिकेट खिलाड़ी मोहम्मद शमी को अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित किया। उन्होंने अन्य खिलाड़ियों व कोच को भी पुरस्कार प्रदान किए।*

### प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तैयारियां

# सुरक्षा घेरे में अयोध्या नगरी, छानबीन में जुटी एजेंसियां-बढ़ाई चौकसी

### सरयू नदी की लहरों पर बनेंगे सर्विलांस रूम

**एजेंसी** | अयोध्या

अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर के प्रस्तावित प्राण प्रतिष्ठा समारोह को की तैयारियां जोरों पर जारी हैं। प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर पूरी अयोध्या सुरक्षा के घेरे में रहेगी। सात बड़ी सुरक्षा एजेंसियां रामनगरी के विभिन्न इलाकों में छानबीन में जुटी हैं। इसके अलावा जिले की सीमाओं पर भी चौकसी बढ़ाई गई है। आने-जाने वाले वाहनों की सघन तलाशी ली जा रही है। प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तैयारियों के सिलसिलें उत्तर प्रदेश के अन्य जिलों से पुलिस टीमें यहां पहुंचनी शुरू हो गई हैं। वहीं, राम मंदिर की सुरक्षा के लिए सरयू की लहरों पर अत्याधुनिक तकनीक वाले सर्विलांस रूम बनेंगे। पुलिस अधीक्षक (नगर) मधुबन सिंह ने बताया कि दूसरे चरण में 12 जनवरी व तीसरे चरण में 18 जनवरी को पुलिस बल अयोध्या पहुंचेगा। अन्य जवानों के आने का सिलसिला भी जारी है। पुलिस के अनुसार प्रधानमंत्री और अन्य वीवीआईपी के काफिले के मार्ग पर भी पुलिस टीमें जांच-पड़ताल कर रही हैं।

### राम मंदिर में लगा पहला सोने का दरवाजा

मंदिर में सोने का पहला दरवाजा लगा चुका है और अगले तीन दिनों में यहां सोने के 13 और दरवाजे लगाए जाने हैं। हैदराबाद की एक कंपनी राम मंदिर के लकड़ी के दरवाजों को तैयार कर रही है। गर्भगृह के मुख्य द्वारों की पूजा हो गई है, तो वहीं गर्भगृह के दोनों ओर लगने वाले दरवाजों पर काम जारी है।



### चंवर, छत्र, मोबाइल, पर्स आदि नहीं ले जा सकेंगे साथ

प्राण प्रतिष्ठा समारोह में आने वाले विशिष्ट अतिथियों के लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने समारोह में प्रवेश करने के लिए कुछ नियमों का पालन करना होगा। ट्रस्ट की ओर से 7000 से अधिक मेहमानों को समारोह का निमंत्रण दिया गया है। राम मंदिर में प्रवेश के दौरान कोई भी अतिथि मोबाइल और पर्स नहीं ले जा सकेगा। गैजेट्स को ले जाने की भी इजाजत नहीं होगी। इसमें ईयर फोन और रिमोट वाली चाबी शामिल है। समारोह में आने वाले संतों और धर्माचार्यों को अपने साथ पारंपरिक रूप से छत्र, चंवर, ठाकुर जी, सिंहासन और गुरु पादुका ले जाने की इजाजत नहीं मिलेगी। सभी अतिथियों को सुबह 11 से पहले ही समारोह स्थल पर प्रवेश कर लेना होगा। किसी भी विशिष्टजन और धर्माचार्य के साथ सुरक्षाकर्मी या फिर उनके शिष्य और सेवक अंदर प्रवेश नहीं कर पाएंगे।

### संघ 2.5 करोड़ भक्तों को कराएगा राम मंदिर के दर्शन

आरएएस की 2.5 करोड़ श्रद्धालुओं को राम मंदिर के दर्शन कराने की योजना है। इसके लिए उसने 24 मार्च की समय सीमा तय की है। दर्शन कराने की प्रक्रिया की शुरुआत 26-27 जनवरी से होगी। देशभर में संघ के 45 प्रांतों से श्रद्धालु आने की संभावना है। संघ के स्वयंसेवक इनके आने -जाने, ठहरने और पूजन का पूरा प्रबंध करेंगे।

### 100 विदेशी मेहमानों के समारोह में शामिल होने की उम्मीद

राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में विदेशी मेहमान भी शामिल होंगे। करीब 100 अंतरराष्ट्रीय मेहमानों को 22 जनवरी को प्रस्तावित प्राण प्रतिष्ठा समारोह में आमंत्रित किया गया है। इनमें डॉ. भरत बरई का नाम भी शामिल हैं। डॉ. बरई वही शख्स हैं, जिन्होंने 2014 की शुरुआत में अमेरिका में नरेंद्र मोदी के लिए वीजा मंजूरी की पैरवी की थी। विश्व हिंदू परिषद की मेहमानों की सूची में अमेरिका, ब्रिटेन, यूरोप, ऑस्ट्रेलिया और अफ्रीका सहित 53 देशों के मेहमान शामिल हैं। सबसे अधिक संख्या में निमंत्रण अमेरिका को भेजे गए हैं।

## जेकेके में हुआ 'एनिमी ऑफ द पीपल' नाटक का मंचन

# जनता के दुश्मन की तरह जीया, लेकिन कभी नहीं छोड़ी ईमानदारी

बेधड़क | जयपुर

डॉ. अभय कुमार इलाके में फैली महामारी पर जांच करते हुए पाते हैं कि शहर के मुख्य जल स्रोत का पानी दूषित है और बीमारियों का घर है। चमड़ा उद्योग से निकले गंदे पानी से यह पानी विषाक्त हो गया है। चमड़ा उद्योग उनके ससुर का है, जबकि शहर का मेयर निर्भय कुमार-डॉ. अभय का भाई है, जो मामले को दबाना चाहता है। इसके बावजूद डॉ. अभय लोगों को सचेत करते हैं।

मेयर डॉ. अभय को अपना बयान वापस लेने को कहता है, लेकिन डॉ. अभय जांच पर तटस्थ हैं, जिससे भाईयों के संबंधों में खटास आती है और जनहित को समर्पित डॉ. अभय को ही जनशत्रु घोषित कर राजनीति और मीडिया के दुष्चक्र में फंसा दिया जाता है। बॉलीवुड मूवी जैसी ये कहानी कलाकारों ने जयपुर के मंच पर खूबसूरती से दर्शाई तो कई मैसेज समाज में गए। मौका था जवाहर कला केंद्र में नाटक "एनिमी ऑफ द पीपल' के मंचन का। मूल रूप से हेनरिक इबसेन द्वारा लिखित 1 घंटे 50 मिनट का नाटक कवि और लेखक नेमी चंद्र जैन के रूपांतरण पर आधारित था। यथार्थवादी नाटक है, जो भ्रष्टाचार से एकल युद्ध छेड़ने वाले नायक की कहानी को बयां करती है।



### भ्रष्टाचार से जंग की कहानी 'एनिमी'

कहानी में आगे डॉ. अभय भ्रष्टाचार के खिलाफ एकल जंग छेड़ देते हैं। उन्हें शहर से निकालने की कोशिश की जाती है। सबसे मजबूत इंसान वह है जो अकेला खड़ा होता है' इसी सोच के साथ वह जंग जारी रखते हैं।



### समाज को दिया गया संदेश

एनिमी.. नाटक की कहानी समाज का कड़वा सच बयां करती है। नाटक से निर्देशक योगेन्द्र सिंह परमार समाज को कड़ा संदेश देते हैं, कि ईमानदारी और अच्छाई की राह आसान नहीं है। किसी को इस दुनिया में सच्चाई और ईमानदारी के साथ रहना है तो उसे हर पल जनता के दुश्मन की तरह जीना होगा।

### इन्होंने किया जीवंत अभिनय

नाटक में योगेंद्र सिंह, आस्था शर्मा, साक्षी, भव्य, नरेंद्र अरोड़ा, विनय सैनी, ऋतिक शर्मा, अंकित शर्मा, गौरव सोनी, प्रियांशु, उनैफ, दीक्षांक, श्याम यादव, राहुल भाटी, सोहित शेखावत, देशराज, सिद्धार्थ कुमावत और ओम दिखाई दिए। संगीत संचालन विमल मीणा का रहा, जबकि कॉस्टयूम डिजाइन काजोल ने किया।

## बच्चों को दी जरूरत की सामग्री



**बेधड़क. जयपुर।** जयपुर के नेहरू नगर की टीम 39, जहां चाह वहां राह जन कल्याण ट्रस्ट व पानीपेच रोड व्यापार मंडल समिति की ओर से नेहरू नगर के श्रीलक्ष्मीनारायण मंदिर में राम कथा में श्री धनश्रीराम महाराज ने श्रीराम राज तिलक की कथा सुनाई। टीम 39 के महासचिव विष्णु बियानी ने बताया कि कार्यक्रम में टीम 39 के राजेंद्र सैनी, द्वारका प्रसाद जांगिड़, पानीपेच रोड व्यापार मंडल कोषाध्यक्ष ताराचंद गोयल, महासचिव मुकेश अग्रवाल, राम प्रकाश शर्मा, नीरज सैन, लोकेश बागड़ा, आनंद सिंह नरूका, निंजा, होती, विमलेश शर्मा, अतुल अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, लक्ष्मण प्रजापत, राजू शर्मा, मोहन अग्रवाल उपस्थित रहे। मनीष केडिया ने बताया कि मुख्य अतिथि जयपुर हेरीटेज नगर निगम मेयर मुनेश गुर्जर रहीं। साथ ही 21 दृष्टिहीन बच्चों को का स्वागत व कंबल, शॉल, जरूरत की सामग्री उपलब्ध कराई गई।

## 'नए रंग नई उमंग' कार्यक्रम आज

**बेधड़क. जयपुर।** जयपुर की महिलाएं गुलाबी नगरी में सजाएंगी बॉलीवुड का ओरा। मौका होगा 'सरगम' ग्रुप की ओर से बुधवार को जवाहर कला केन्द्र में बॉलीवुड के सुपरहिट गीतों के कार्यक्रम 'नए रंग नई उमंग' का, जो रेड थीम पर आयोजित किया जाएगा। इस दौरान सभी महिलाएं लाल रंग के परिधान पहनकर प्रस्तुति देंगी। प्रदेश की जानी-मानी गायिका मुक्ता के चड्ढा के निर्देशन में कार्यक्रम शाम 6 बजे से शुरू होगा। श्रोताओं को कार्यक्रम में पहले आओ पहले पाओ सिस्टम से निःशुल्क प्रवेश मि सकेगा। प्रोग्राम में शहर की 20 प्रतिष्ठित डॉक्टर, लेक्चरर, बिजनेस वुमैन और कई प्रोफेशनल महिला सिंगर्स शामिल होंगी।

## IDS ने मनाया स्थापना दिवस



**बेधड़क. जयपुर।** झालाना संस्थानिक क्षेत्र स्थित विकास अध्ययन संस्थान (आईडीएस) का 43वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर व्याख्यान माला का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि भारतीय सामाजिक अनुसंधान परिषद् नई दिल्ली के प्रो. डॉ. नितिन कुमार थे और अध्यक्षता डॉ. अरविन्द मायाराम ने की। अन्य अतिथियों में संस्थान निदेशक प्रो. विनीश कथूरिया, जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय नई दिल्ली के पूर्व प्रोफेसर डॉ. अरुण कुमार व संस्थान संकाय सदस्य डॉ. मोतीलाल महामल्लिक व डॉ. वरिन्दर जैन मौजूद रहे। व्याख्यान माला के पहले सत्र में संस्थान निदेशक प्रो. विनीश कथूरिया ने संस्थान के 43 वर्ष के इतिहास, समकालीन समय में संस्थान की भूमिका व संस्थान की भविष्य की कार्ययोजनाओं पर बात रखी।

# City इवेंट्स

## कपल्स ने बैंड की धुनों पर किया एंजॉय



**बेधड़क. जयपुर।** जयपुराइट्स ने सूफियाना शाम को पाकिजा नाइट स्टाइल में एंजॉय किया। हर कोई अनूठे रूप में नजर आया और गेट टू गेदर किया। इस सूफियाना पाकिजा नाइट में कपल्स का शाही लुक खास रहा। दीपिका नवलखा और पीयूष नवलखा ने बताया कि सूफी बैंड स्वर मौर्या म्यूजिक ने प्रस्तुति दी। इस मौके पर लेडीज-जेंट्स की ड्रेसेज स्पेशल रहीं, जिसने सभी को आकर्षित किया।

## जेएलएफ में चित्रा बनर्जी सुनाएंगी मूर्ति युगल के रिश्ते की कथा



**बेधड़क. जयपुर।** जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल में उपन्यासकार चित्रा बनर्जी दिवाकरुणी सुधा मूर्ति और नारायण मूर्ति की शादी और शादी से पहले के शुरुआती दिनों को अपनी किताब से दर्शाएंगी। मूर्ति युगल की ये प्रेम कहानी वास्तव में इनफोसिस की स्थापना की कहानी भी है। चित्रा बनर्जी दिवाकरुणी कहती हैं कि किताब को लिखना मेरे लिए बहुत दिलचस्प अनुभव रहा। खुशनसीब हूं, कि मूर्ति युगल के साथ समय बिताने का मौका मिला। साथ मिलकर उन्होंने अपने बचपन और युवा दिनों की कई अनसुनी कहानियां सुनाईं।

## जन्म व तप कल्याणक के उपलक्ष्य में अनुष्ठान



**बेधड़क. जयपुर।** श्री महावीर नवयुवक मंडल के तत्वावधान में 48 दीपों से श्रीभक्तामर अनुष्ठान का श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में आयोजन किया गया। अनुष्ठान के जरिए देश और समाज के कल्याण को लेकर मंत्र उच्चारण किए गए। साथ ही गंभीर बीमारियों से ग्रसित लोगों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए मनोकामनाएं भक्तामर के मंत्रों से की गईं। संगीतमय प्रस्तुति व साजों के साथ भक्तामर के 48 श्लोक का उच्चारण हुआ और उनके महत्व को समझाया गया। नवयुवक मंडल सचिव पदमचंद सेठी ने बताया कि आयोजन से समाज के विभिन्न वर्गों और हर उम्र के लोगों को जोड़ने में कामयाब हुए हैं। इस अवसर पर श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर कीर्ति नगर की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का स्वागत किया गया।

## 'बाइकर बडी' सीजन-2 मोटोक्रॉस का कैलेंडर लॉन्च

# बाइकर्स ने दिखाए हैरतंगेज स्टंट्स, पूरे किए टास्क



बेधड़क | जयपुर

जयपुर में "बाइकर बडी' सीजन-2 का आयोजन किया गया, जिसमें देशभर के मोटोक्रॉस राइडर्स ने हिस्सा लिया। इवेंट में मोटोक्रॉस की कुल 13 क्लासेज आयोजित की गईं, जिनमें 52 विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

रोमांच और उत्साह के साथ ही आई राइड सेफ एंड रिस्पांसिबिली का संदेश देने वाले राइडर्स को हर साल की तरह जयपुर में "बाइकर बडी' अवॉर्ड से सम्मानित किया तो वे रोमांचित हो उठे। इस वर्ष लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड दीपक गुप्ता को दिया गया। उन्होंने अपने जीवन में कई अंतरराष्ट्रीय यात्राएं बाइक से की हैं। उन्होंने बाइकर समूहों में राइड रिस्पांसिबिली का संदेश देकर आह्वान किया कि आपके शौक से किसी के साथ भी कोई दुर्घटना ना घटे। आयोजनकर्ता कहानवी ने बताया कि देश भर में एक्सीडेंट से और लापरवाही वाली बाइक राइड के दौरान हजारों मौतें हो जाती हैं। हमारा एडवेंचर स्पोर्ट आयोजन का उदेशय युवाओं के मेन्टल हेल्थ के अवेयरनेस के साथ ही सेफ राइड को प्रोत्साहित करना है।

आयोजन के विशेष अतिथि सहायक जिला परिवहन अधिकारी सीकर विक्रम सिंह व पूर्णिमा यूनिवर्सिटी के राहुल सिंघी तथा डीएस चुण्डावत और आईआरएस दीपक जांगिड़ रहे। "बाइकर बडी' कैलेंडर हंट के विजेता को 21000, 11000 व 5000 के नकद पुरस्कार दिए गए।

## एफ-12 ए ग्रुप की पेंटिंग एग्जीबिशन आज से



**जयपुर।** जवाहर कला केंद्र की सुरेख और सुकृति आर्ट गैलेरी में लूनाज फाइव फिंगर्स आर्ट स्टूडियो एफ-12 ए ग्रुप पेंटिंग एग्जीबिशन लेकर आए हैं। कलाकार लाखन सिंह जाट द्वारा क्यूरेटेड एग्जीबिशन में 12 कलाकारों की करीब 50 पेंटिंग्स प्रदर्शित होंगी। 13 जनवरी तक चलने वाली एग्जीबिशन में विभिन्न शैलियों के आर्ट वर्क्स होंगे। कलाकारों में देवेश प्रजापति, दिशांक शर्मा, जाह्नवी चावड़ा, निखिल सिंह, रिया सोमानी, रीति कुंभज, वंदना पांडेय, विकास मीणा, यश चौधरी, मोना दीवान, अंजू शर्मा, डॉ. गिरधर लाल राठौड़ शामिल हैं।

## बहन-भाई कर रहे बच्चों की सेवा



**बेधड़क. जयपुर।** नाड़ा की ढाणी ग्राम पंचायत कुशलपुरा सीकर की किरण कुमावत और विजय कुमावत किड्स फैशन फेस्टिवल में बस्ती के बच्चों को स्टेज पर लाए। दोनों ने बताया कि लक्ष्य की उड़ान फाउंडेशन की ओर से जरूरतमंद 50 से अधिक बच्चों को शिक्षा दी जा रही है।

## नजर आएगी फैशन की बानगी



**बेधड़क. जयपुर।** जयपुर में गारमेंट्स के जरिए फैशन की बानगी पेश की जाएगी। फैशन शो के जरिए रैंप पर मॉडल्स जयपुरी गारमेंट्स को प्रदर्शित करेंगी। जयपुर गारमेंट क्लब की ओर से जयपुर फैशन एक्सपो-2024 का आयोजन किया जाएगा। एक्सपो का उदघाटन डिप्टी सीएम डॉ. प्रेम चन्द बैरवा, विशिष्ट अथिति विधायक गोपाल शर्मा और राजस्थान भाजपा प्रवक्ता अशोक सैनी करेंगे। कार्यक्रम से पूर्व आयोजकों ने डिप्टी सीएम दीया कुमारी से मुलाकत की। इस दौरान जेईसीसी में नेपाल, यूएसए, बेंगलुरु, हैदराबाद, चेन्नई, अहमदाबाद, भोपाल, उड़ीसा, छत्तीसगढ़, दिल्ली, गोवा आदि शहरों से फैशन लवर्स शिरकत करेंगे।

**कार्यक्रम** राज्यपाल कलराज मिश्र व सीएम भजनलाल शोभायात्रा को दिखाएंगे हरी झंडी

# जयपुर से 2100 तेल के पीपे भेजे जाएंगे अयोध्या

बेधड़क | जयपुर

छोटी काशी कहे जाने वाला जयपुर शहर राममय होगा, क्योंकि बुधवार को अयोध्या के लिए गुलाबी नगरी से 2100 तेल के पीपे शोभा यात्रा के रूप में अयोध्या भेजे जाएंगे, जिसे सीएम भजन लाल शर्मा और गवर्नर कलराज मिश्र बुधवार को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। ये अनूठी शोभा यात्रा धर्म यात्रा महासंघ राजस्थान प्रान्त व श्रीश्याम भजन संध्या परिवार सेवा समिति की ओर से सीता रसोई के लिए निकाली जाएगी। अयोध्या में मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में आने वाले भक्तों और दर्शनार्थियों के लिए 2 माह तक चलने वाली रसोई के संचालन के लिए ये पीपे भेजे जाएंगे। कैट राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व समाजसेवी गोकुल प्रसाद महेश्वरी ने बताया कि भक्तों के घर-घर जाकर सीता रसोई के लिए सरसों के तेल के पीपे इकट्ठे किए गए हैं।




### इनके प्रयास हुए सफल

संस्था सदस्य कैलाश बढाया, राजेश कट्टा, मान पंडित, योगेश खंडेलवाल, गोबिंद कुलवाल, तेज प्रकाश खुंटेटा, अंकित विजयवर्गीय, अनुज गुप्ता, नितीश शर्मा, रोहित गोयल दिनेश सैन, प्रिया मोदी व श्री श्याम भजन संध्या परिवार सेवा समिति संरक्षक रामबाबू झालानी व धर्म यात्रा संघ के सदस्यों ने पीपे की रसीद काटकर तेल इकट्ठा किया। मनोज मुरारका ने बताया कि तेल बनाते वक्त रामधुनी का गायन करते हुए पीपे भरे गए। संस्था संरक्षक सुरेश पाटोदिया ने बताया कि यात्रा में जयपुर के संत-महंत शामिल होंगे। विश्व हिन्दू परिषद से राजाराम व असोक डिडवानिया ने बताया कि राम लला की झांकियां यात्रा में प्रस्तुत होंगी। यात्रा चांदपोल बाजार से शुरू होकर छोटी चौपड़, त्रिपोलिया बाजार, बड़ी चौपड़, राम गंज बाजार होकर सूरजपोल गेट से गलता गेट पहुंचेगी।

महान चीजें हमेशा सरल और विनम्र होती हैं।
**विनायक शर्मा,**
फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप



## जर्मनी: सब्सिडी में कटौती के खिलाफ सड़कों पर उतरे किसान



*बर्लिन। जर्मनी में बड़ी संख्या में किसान सड़कों पर उतर आए हैं। किसानों को दी जाने वाली सब्सिडी में कटौती के खिलाफ देशभर में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। किसानों ने राजधानी बर्लिन से लेकर कई बड़े शहरों तक सड़कें जाम कर दी हैं। वे सड़कों पर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। इस दौरान प्रदर्शनकारी किसानों ने सरकार को चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांगें नहीं मानी गईं तो वे और सख्त रुख अपनाएंगे। किसानों ने कहा कि विरोध कार्यक्रम और रैलियां पूरे सप्ताह जारी रहेंगी और 15 जनवरी को बर्लिन में एक बड़ा प्रदर्शन किया जाएगा।*

### जापान के होंशू के पश्चिमी तट पर महसूस हुए झटके
### रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता मापी गई 6

# 8 दिन बाद फिर धूजी धरती



**एजेंसी** | टोक्यो

जापान में मंगलवार को भूकंप के झटके महसूस हुए। नेशनल सेंटर ऑफ सेस्मोलॉजी ने इसकी जानकारी दी। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 6 रही। जापान के होंशू के पश्चिम तट के पास भारतीय समय अनुसार दोपहर 2:29 बजे झटके महसूस किए गए। हालांकि इसमें किसी के जानमाल के नुकसान होने की कोई खबर सामने नहीं आई है। बीते हफ्ते जापान के इशिकावा प्रांत में भूकंप आया था। इसमें 48 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई थी। कई बड़ी इमारतें जमींदोज हो गईं थी।

### पहले 24 घंटे में आए थे 155 भूकंप के झटके

जापान में नए साल 2024 के पहले दिन भूकंप-सुनामी जैसी प्राकृतिक आपदा ने कहर बरपाया था। 24 घंटे के अंदर भूकंप के 155 भूकंप झटके महसूस किए गए। इन झटकों की तीव्रता 7.6 से ज्यादा थी। भूकंप के बाद जापान में सुनामी और अग्निकांड की घटनाएं भी सामने आई थी। गौरतलब है कि जापान सिस्मिक जोन यानी कि भूकंप के प्रति संवेदनशील क्षेत्र में आता है। यहां भूकंप के झटके समय-समय पर महसूस किए जाते रहे हैं।

### समुद्र तट पर उठीं थी 3.3 फुट ऊंची लहरें


बीते सप्ताह जापान के पश्चिमी समुद्र तट पर एक मीटर (3.3 फीट) की सुनामी लहरें उठीं थी। इससे तटीय क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को ऊंचे स्थानों पर भागने के लिए मजबूर होना पड़ा था। एक बंदरगाह पर नौकाएं डूब गई थी। सुनामी और भूंकप के कारण बिजली की सप्लाई बाधित हो गई थी। इसकी वजह से लोगों को अंधेरे में रात काटनी पड़ी थी। इसके बाद जापान सरकार ने भूकंप और सुनामी प्रभावित लोगों को राहत शिविर में भिजवाया था।

### लक्षदीप विवाद: मालदीव के राष्ट्रपति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव!

# आया सियासी भूचाल

**एजेंसी** | नई दिल्ली/माले

चीन से दोस्ती और भारत से दुश्मनी...कुछ ऐसा ही रवैया मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू का है। मगर मुइज्जू को भारत की ताकत का अंदाजा नहीं है। लक्षद्वीप विवाद के बाद से मुइज्जू की सरकार वहां विपक्ष के निशाने पर है। मालदीव टूरिज्म इंडस्ट्री ने भी भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी को नाकाबिल-ए-बर्दाश्त बताया है। अब राष्ट्रपति मुइज्जू के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी है। ऐसे में उनकी कुर्सी खतरे में दिख रही है। राष्ट्रपति मुइज्जू को हटाने की पहल मालदीव में संसदीय अल्पसंख्यक नेता अली अजीम ने की। अली अजीम ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी के बाद अविश्वास प्रस्ताव लाने और मालदीव के मुइज्जू को उनकी कुर्सी से हटाने के लिए आवश्यक कदम उठाने की अपील की।



### यह है मामला

दरअसल, पीएम मोदी के लक्षद्वीप दौरे की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर कर भारतीयों से अपील की थी कि वे लक्ष्यदीप घूमने का प्लान करें। इस पर मालदीव की उप मंत्री शिउना ने मोदी के पोस्ट पर अभद्र टिप्पणी की थी। जिसे उन्होंने डिलीट भी कर दिया था। बाद में शिउना के साथ ही 3 मंत्रियों को मालदीव सरकार ने सस्पेंड कर दिया। सोमवार मालदीव के दूत को भारत में विदेश मंत्रालय में तलब कर मुइज्जू सरकार के मंत्रियों के बयानों पर कड़ी आपत्ति दर्ज कराई गई।

### मालदीव भारत से मांगे माफी

मोदी पर बयानबाजी के बाद मालदीव के पूर्व उपराष्ट्रपति अदी ने मालदीव से भारत से माफी मांगने का कहते हुए सुझाव दिया कि मुइज्जू को पीएम मोदी के पास जाकर इस संकट को सुलझाना चाहिए, मोदी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी स्वीकार करने लायक नहीं है।

### पूर्व रक्षा मंत्री भारत का साथ

मालदीव की पूर्व रक्षा मंत्री मारिया ने कहा कि यह मुइज्जू प्रशासन की नाकामी है। हम छोटे देश हैं। हमारी सीमाएं भारत के साथ लगती हैं। हमारी सुरक्षा से जुड़ी चिंताएं समान हैं। भारत ने हमेशा हमारी मदद की है। भारत ने हर क्षेत्र में अधिक सक्षम बनने की कोशिश में हमारी मदद की है।

### टूरिज्म इंडस्ट्री ने की निंदा

भारत की ओर से मालदीव की सभी फ्लाइट बुकिंग को रद्द करने से वहां के टूरिज्म को खासा नुकसान हुआ है। बढ़ते विरोध को देखते हुए वहां की टूरिज्म इंडस्ट्री ने एक बयान में प्रधानमंत्री मोदी और भारत के लोगों के खिलाफ अपने मंत्रियों के विवादित बयानों की निंदा की। यह भी कहा कि भारत हमारा निकटतम पड़ोसी और सहयोगी है।

## साउथ कोरिया में डॉग मीट पर बैन

**सियोल।** साउथ कोरिया में डॉग मीट पर बैन से जुड़ा कानून पास हो गया है। मंगलवार को संसद में इस कानून के पक्ष में 208 सांसदों ने वोटिंग की। विरोध में कोई वोट नहीं आया। कानून में कई धाराएं हैं। इनको धीरे-धीरे लागू किया जाएगा और पूरी तरह ये कानून 2027 में अमल में लाया जाएगा।

## शेरिंग टोबगे बनेंगे भूटान के नए PM

**एजेंसी** | थिंपू

भूटान में मंगलवार को हुए संसदीय चुनाव में पीडीपी ने सबसे अधिक सीटें जीती हैं और वही नई सरकार बनाएगी। लोगों को उम्मीद है कि नेता हिमालयी देश में आर्थिक संकट को दूर करने के वादों को पूरा करेंगे। भूटान के राष्ट्रीय प्रसारक, भूटान ब्रॉडकास्टिंग सर्विस के नवीनतम आंकड़ों के मुताबिक पीडीपी ने 47 सदस्यीय नेशनल असेंबली में 30 सीट जीती हैं जबकि भूटान टेंड्रेल पार्टी को 17 सीट मिली हैं। इसके साथ ही शेरिंग टोबगे के प्रधानमंत्री बनने का रास्ता साफ हो गया है। वे दूसरी बार भूटान के प्रधानमंत्री बनेंगे।

**पीएम मोदी ने दी बधाई:** पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, 'भूटान में संसदीय चुनाव जीतने के लिए मेरे दोस्त शेरिंग टोबगे और पीपल्स डेमोक्रेटिक पार्टी को तहे दिल से बधाई। उम्मीद है कि आगे भी हमारे संबंध और मजबूत होंगे और आपसी दोस्ती व सहयोग बना रहेगा।'

### पूरे देश में मचा हड़कंप

# ताइवान में घुस गई चीनी मिसाइलें!

**एजेंसी** | ताइपे

ताइवान में राष्ट्रपति चुनाव से पहले मंगलवार को सनसनीखेज घटना सामने आई। इस घटना से पूरे देश में हड़कंप मच गया। विदेश मंत्री जोसेफ वू ताइपे में विदेशी पत्रकारों के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे थे। इसी बीच उनके मोबाइल फोन पर एक अलर्ट आया। अलर्ट था कि चीनी मिसाइलें ताइवान में घुस गई हैं। विदेश मंत्री के पास ही नहीं, देश में कई लोगों के फोन पर यह मैसेज गया। इस घटना ने पूरे देश में हड़कंप मचा दिया। अफरा-तफरी के बीच रक्षा मंत्रालय ने देश में अलर्ट जारी कर दिया कि चीन ने हवाई हमला कर दिया है। हालांकि बाद में पता लगा कि मामला ऐसा था ही नहीं।

दरअसल, ताइवान के विदेश मंत्री आगामी राष्ट्रपति चुनाव की तैयारियों को लेकर ताइपे में विदेशी पत्रकारों के साथ एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। तभी यह मैसेज आया। लोगों में इस बात का डर पैदा हो गया कि कहीं चीन ने उन पर हमला तो नहीं कर दिया है। हालांकि बाद में पता लगा कि यह भाषाई गलती थी।




### चीन ने क्या कहा!

इस पूरे मामले में चीनी राज्य मीडिया ने बताया कि बीजिंग ने ज़िचांग सैटेलाइट लॉन्च सेंटर में लॉन्ग मार्च-2सी वाहक रॉकेट का उपयोग करके "आइंस्टीन प्रोब" उपग्रह का सफल प्रक्षेपण किया है। सीसीटीवी के अनुसार, उपग्रह अपनी निर्धारित कक्षा में प्रवेश कर गया है।

### मोबाइल संदेश में यह हुई गलती


दरअसल, मोबाइल संदेश में अंग्रेजी में मिसाइल लिखा था, जबकि, वही शब्द मैंडेरिन भाषा में सैटेलाइट होता है। रक्षा मंत्रालय ने बाद में माफी मांगी और कहा कि वह उस शब्द को गलती से अंग्रेजी का शब्द समझ बैठे जबकि, वो चीन द्वारा किया गया उपग्रह प्रक्षेपण था। बाद में वू ने सफाई में कहा कि जब कोई रॉकेट खुले तौर पर हमारे आकाश में उड़ रहा होता है, तो उसका मलबा हमारे क्षेत्र में गिरता है। यही कारण है कि हमारे रक्षा मंत्रालय ने इसे हवाई हमला समझ लिया। ऐसा पहले भी हो चुका है।

### राष्ट्रपति को पूरे देश में लगानी पड़ी इमरजेंसी... हजारों सैनिकों को किया तैनात

# इक्वाडोर जेल से गायब हुआ ड्रग माफिया

**एजेंसी** | क्विटो

इक्वाडोर के सबसे खतरनाक अपराधियों में से एक के अपने सेल से गायब हो जाने के बाद देश भर की जेलों में दंगे हो गए। कई जेलों में दंगों के बीच गार्डों को बंधक बना लिया गया है। कई पुलिसकर्मियों और जेल अधिकारियों के जख्मी होने की भी खबरें हैं। हालात बिगड़ता देख सरकार ने इक्वाडोर में आपातकाल की स्थिति घोषित कर दी है। पूरे इक्वाडोर में हजारों सैनिकों और पुलिस ने विशेष अभियान चलाया। इसका मकसद शक्तिशाली ड्रग गिरोह लॉस चोनेरोस के दोषी सरगना एडोल्फो मैकियास उर्फ फिटो की तलाश करना है।



### सभी जेलों में भड़क उठी हिंसा

44 वर्षीय ड्रग माफिया एडोल्फो मैकियास उर्फ फिटो के रविवार को लापता होने की सूचना मिली थी। वह इक्वाडोर के बंदरगाह शहर गुआयाकिल की जेल से गायब हो गया था। वह उसी शहर में अधिकतम सुरक्षा वाली दूसरी जेल में ट्रांसफर होने के पहले अपनी सजा काट रहा था। उसके गायब होते ही पूरे देश में लगभग सभी जेलों में हिंसा भड़क उठी।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl